62
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-62 | अंक-113 रांची | मंगलवार 10 दिसंबर 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12
मूल्य 4 रु.



## किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : दीपक बिरुआ



**संवाददाता**

**रांची ।** राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। बिरुआ ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। तत्पश्चात जिला स्तर में कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया।

## झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, हो रही है बारिश

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं, कई इलाकों में बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन तैयार हुआ है। इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी।

## सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। नौ जनवरी को अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर के जरिये परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में हुई। मामले में राज्य सरकार के प्रतिशपथ पत्र पर निशिकांत दुबे की ओर से प्रतिउत्तर दिया गया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल लोन ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर, जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके जरिये जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदा गया है। मामले को लेकर देवघर के जसीडीह थाना में कांड संख्या 96/2024 दर्ज किया गया है।

# झारखंड विधानसभा सत्र : सदन में 80 विधायकों ने ली शपथ

## कार्यवाही 10 दिसंबर पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित

**संवाददाता**

**रांची ।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन के 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई गयी। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन सहित 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता





सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। इस बार सदन में 21 नये चेहर दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। सदन में पहली बार पहुंचने वाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं, 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं। राजद, माले, आजसू एवं जेएलकेएम के एक-एक विधायक शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया। सदन पहुंचने वाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल हैं। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं। स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं। झारखंड विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हुए जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा। जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ लिखूंगा, जो मैं विधानसभा में लूंगा। यह मेरे लिए लोकतंत्र के प्रति मेरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।


### झारखंड विस का विशेष सत्र शुरू

## प्रोटेम स्पीकर ने बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को दिलाई शपथ

**संवाददाता**

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र सोमवार सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सदन की कार्यवाही शुरू की। प्रोटेम स्पीकर नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिला रहे हैं। सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन ने शपथ ली। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर ने शपथ ली। साथ ही अन्य नवनिर्वाचित विधायक शपथ ले रहे हैं।





## मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## मुख्यमंत्री ने प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी का किया अभिवादन



***संवाददाता***

***रांची ।*** *मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने षष्ठम् विधानसभा के प्रथम सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का अभिवादन किया। दूसरी ओर, झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वागत किया।*

## स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।

### राहुल ने मोदी-अडाणी का मुखौटा लगाए सांसदों से बातचीत की,पूछा-

## आपकी पार्टनरशिप कब से चल रही है, सांसद बोले- सब मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र का सोमवार को 10वां दिन है। राहुल गांधी ने संसद परिसर में पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा पहने सांसदों से बातचीत की।

राहुल ने सांसद से पूछा कि आप क्या बोल रहे हो? इस पर अडाणी का मुखौटा पहने सांसद ने कहा कि कुछ भी चाहता हूं। एयरपोर्ट चाहिए। राहुल ने पूछा कि अगला क्या लेने की कोशिश कर रहे हो? अडाणी का मुखौटा लगाए सांसद ने कहा कि हमारा विजन साफ है। वो हमारा एक्चुअली मीटिंग शाम को है। इस पर राहुल जोर से हंसे। बगल में खड़े एक अन्य सांसद ने कहा कि भैया, ये पार्लियामेंट को छोड़ देना। राहुल ने पूछा- आप अपने रिश्ते के बारे में बताइए। मुखौटा पहने सांसदों ने कहा कि हम दोनों सब मिलकर करेंगे। राहुल ने पूछा कि फ्यूचर कैसा है? अडाणी का मुखौटा लगाए सांसद ने कहा कि मैं इंडिया हूं। राहुल ने पूछा कि ये पार्लियामेंट क्यों नहीं चलने दे रहे? अडाणी का मुखौटा लगाए सांसद ने कहा कि अमित भाई से पूछना पड़ेगा। मैं जो भी बोलता हूं, ये (मोदी का मुखौटा लगाए सांसद की तरफ इशारा) करते हैं। राहुल ने मोदी का मुखौटा लगाए सांसद की तरफ मुखातिब होते हुए पूछा कि ये आजकल कम बोलते हैं। इस पर अडाणी का मुखौटा



लगाए सांसद ने कहा कि ये आजकल थोड़ा टेंशन में हैं।

**रिजिजू बोले- सोरोस फाउंडेशन से जुड़ी ताकतें भारत विरोधी काम कर रहीं:** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन के बाहर जॉर्ज सोरोस रिपोर्ट पर कहा कि सोरोस का मामला संसद में उठ चुका है। इसे और भी लोग उठाना चाहते हैं। अभी संसद चल रही है, इसलिए मैं इसका डिटेल सदन के बाहर नहीं कहूंगा। हम चाहते हैं कि पार्लियामेंट अच्छी तरह चले। जो रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में आई है, इसमें जो तथ्य हैं, वो सबके सामने हैं। इसमें गंभीर आरोप हैं।

## दुग्ध उत्पादक किसानों को अब तीन के बजाय 5 रूपये प्रति लीटर मिलेगा प्रोत्साहन राशि : शिल्पी नेहा तिर्की

**संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड सरकार की नवनियुक्त कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने निर्देश दिया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में चलायी जा रही हेमंत सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की सभी कल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं का शत प्रतिशत सफलतापूर्वक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिये सभी विभागीय पदाधिकारी पूर्ण समर्पित होकर पूरे सामंजस्य के साथ अपनी भूमिका निभायें. आज अपना पदभार ग्रहण करते ही एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए श्रीमती तिर्की ने झारखण्ड मिल्क फेडरेशन मेधा से सम्बंधित दुग्ध उत्पादक किसानों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में तीन रूपये के बजाय 5 रूपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देने सम्बंधित संचिका पर अपनी सहमति दे दी. ज्ञातव्य है कि इस सन्दर्भ में



कैबिनेट की बैठक में पहले ही सहमति प्राप्त हो गयी थी. आज मंत्री पद का दायित्व ग्रहण करने के बाद विभागीय सचिव एवं अन्य सभी पदाधिकारियों के साथ पहली बैठक में श्रीमती तिर्की ने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कोताही सामूहिक विफलता का कारण बन सकती है और इसीलिये सभी को सतर्क एवं सावधान रहने की जरूरत है. श्रीमती तिर्की ने सभी योजनाओं की समीक्षा की और इस सन्दर्भ में विभागीय कार्यकलापों के मामले में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया.

# नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग

### हर निगाह बनी ऐतिहासिक क्षण की साक्षी; वाटर कैनन से दी सलामी

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** नोएडा एयरपोर्ट के लिए सोमवार को बड़ा दिन रहा। नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर विमान की सफल लैंडिंग हुई। नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर सोमवार दोपहर 1.31 बजे पहली बार विमान ने सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। दिल्ली से उड़ान भरकर पहला व्यावसायिक 10 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट के फ्लाइंग जोन में पहुंच गया था और उपकरणों सहित अन्य संसाधनों की जांच के लिए डेढ़ घंटे तक एयरपोर्ट के आसपास मंडराता रहा।

इस सफल लैंडिंग के साथ ही एयरपोर्ट के इतिहास में ढाई दशक की कवायद के बाद एक और सफलता जुड़ गई। फिलहाल,



इस बड़ी उपलब्धि से पहले रनवे को वाटर कैनन से सलामी दी गई। इंडिगो के ए 320 विमान ने रनवे पर सफल लैंडिंग के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के ट्रायल के लिए डीजीसीए से 15 दिसंबर तक की समयसीमा तय की गई है। पहले 30 नवंबर को ट्रायल रन की तारीख नियत की गई थी। मगर, डीजीसीए टीम के निरीक्षण के चलते यह आगे बढ़ गई। कैलिब्रेशन ट्रायल के बाद रनवे का ट्रायल 9 दिसंबर को हुआ। अबतक एयरपोर्ट पर कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं, जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है, जिसकी एयरक्राफ्ट बीच किंग एयर 360 ईआर के जरिए 10 से 14 अक्टूबर तक जांच की जा चुकी है।

### घने कोहरे और अंधेरे में भी होगी आसान लैंडिंग

एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा और 60 मीटर चौड़ा पहला रनवे बनकर पूरी तरह से तैयार है। रनवे पर मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं, जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है। नोएडा एयरपोर्ट का पहला चरण 1334 हेक्टेयर में तैयार हो रहा है, इसकी यात्री क्षमता प्रति वर्ष 1.2 करोड़ होगी।

## भैया शिमला में पड़ गई 20 साल बाद बर्फ

### *बर्फबारी देख लोगों ने कहा 'किस्मत वाले हैं हम'*

**शिमला (एजेंसी)।** भैया शिमला में पड़ गई 20 साल बाद बर्फ, बर्फबारी देख लोगों ने कहा 'किस्मत वाले हैं हम', अब तो जरूर जाएं यहां।

कई हफ्तों के इंतजार के बाद पूरे हिमाचल प्रदेश में जबदस्त सर्दियों का मौसम आ चुका है। वहीं अगर आप हिमाचल के हिल स्टेशनों पर नया साल मनाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो हम आपको बता दें, शिमला में जाना बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। दरअसल 20 साल से अधिक समय के बाद दिसंबर की शुरुआत में शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। शिमला के स्थानीय लोग बर्फबारी से खुश नजर आए। बता दें, खूबसूरती के मामले में शिमला का कोई जवाब नहीं है। आइए जानते हैं शिमला आकर आप क्या-क्या एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**शिमला में हो सकती है भारी बर्फबारी-** हल्की बर्फबारी ने शिमला की खूबसूरती में चार चांद



लगा दिए हैं। शिमला के कुफरी जैसे निचले इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई। हालांकि अभी हल्की बर्फबारी हुई है, सोमवार को राज्य में अधिक बर्फबारी शुरु हो गई।

**जम्मू-कश्मीर में 9 जगह पारा माइनस में, जोजिला में -20 डिग्री, उत्तर भारत में तेज ठंड पड़ने के आसार-** देश के कई हिस्सों में सामान्य ठंड के बीच जम्मू-कश्मीर में कई इलाकों में तापमान माइनस में पहुंच गया।

# उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला के सभी मुखियागण के साथ की ऑनलाइन बैठक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**रांची:** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला के सभी मुखियागण के साथ ऑनलाइन समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में अयोजित बैठक में सभी मुखिया से पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पंचायतवार मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला के सभी प्रखंडों के पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। पीने का पानी, बिजली, जेनरेटर, कंप्यूटर, इंटरनेट, भवन की स्थिति, शौचालय, प्रज्ञा केंद्र, पहुँच पथ आदि की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा सभी मुखियागण को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव से समन्वय स्थापित करते हुए 31 दिसंबर 2024 तक व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया।
बैठक के दौरान उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं अन्य सेवाओं के लिए लोगों को प्रखंड/अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसलिये सभी पंचायत भवन में सुविधा उपलब्ध करायें। सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र एवं इंटरनेट की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि हर पंचायत में प्रज्ञा केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा बीएसएनएल के स्थानीय प्रबंधक से समन्वय स्थापित करते हुए शैडो एरिया में आने वाले पंचायतों में इंटरनेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया।

### पंचायत का होगा औचक निरीक्षण, बेस्ट पंचायत को किया जाएगा सम्मानित

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि उनके द्वारा जिला के पंचायतों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही पंचायत भवन में व्यवस्था एवं संचालन के मानक के आधार पर हर प्रखंड के साथ-साथ जिला के सर्वोत्तम पंचायत को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। पंचायत के सुदृढ़ीकरण के लिए उपायुक्त द्वारा सभी मुखियागणों से प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने को कहा गया।
बैठक के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिले में लोगों की शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए जारी व्हाट्एएप नंबर 9430328080 की भी जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी मुखियागणों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करें ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिला प्रशासन तक सीधे अपनी समस्याएं पहुंचा सकें। साथ ही उपायुक्त द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिला स्तर की दैनिक बैठकों की जानकारी प्रखंड स्तर तक पहुंचाने के लिए बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप अबुआ से जुड़ने का भी आग्रह किया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**रांची :** बच्चों के समग्र विकास और पढ़ाई को व्यवहार से जोड़ने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया। बच्चों ने कई खेलों और गतिविधियों में भाग लिया जिससे उनकी सोचने की क्षमता, रचनात्मकता और टीम के साथ काम करने के गुणों को बढ़ावा मिला। छोटे बच्चों ने संगीत की धुनों पर नाचते हुए माहौल को खुशियों से भर दिया। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ समूह में भोजन किया, जिससे उन्हें शिष्टाचार और बांटने की आदत सीखी। छात्र अपनी पाठ्यपुस्तकों से परे दुनिया की खोज करते हुए बहुत उत्साहित थे।
प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि ऐसी यात्राएँ बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा का महत्व सिखाती हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मददगार होती हैं। यह उनके समग्र विकास के लिए अभिन्न अंग है जिसे एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 में भी बढ़ावा दिया गया है।

## संजय सेठ को धमकी देने के आरोपी को ले गई दिल्ली पुलिस

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री और झारखंड की राजधानी रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपित को साथ ले गई। आरोपित मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ़्तार करने के बाद रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने सोमवार को उसे रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की कोर्ट के पेश किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने मिन्हाजुल की 72 घंटों की ट्रांजिट रिमांड देने का आग्रह किया लेकिन कोर्ट ने 48 घंटों की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम मिन्हाजुल को लेकर साथ लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनसे रंगदारी मांगी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने इस संबंध में दिल्ली पुलिस और झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी जानकारी दी।


# सड़क दुर्घटना में आरटीसी पब्लिक स्कूल के छात्र की मौत, दो लड़के घायल

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**अनगड़ा :** गोन्दली पोखर विकास सड़क पर सोमवार की सुबह लगभग सात बजे अनगड़ा थाना क्षेत्र के सालहन गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में रोहित महतो उम्र 15 वर्ष पिता महेश महतो नामक किशोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो लड़के गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक किशोर आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा का दसवीं कक्षा का छात्र था।
वह बेड़वारी झटनी टूंगरी गांव का रहने वाला था । घटना के सम्बंध में बताया गया कि बाईक संख्यां खल01उ्ट में मृतक सहित तीनो लड़के सवार होकर साल्हन मैदान पतरा टाड़ से वापस लौट रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही एक पिकप मैक्स वैन खल01ट2725 ने तीनों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे किशोर रोहित महतो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दो लड़के गंभीर रूप से घायल हो गए।
दोनो घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया । घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भेज दिया।
वहीं इस दर्दनाक घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने नराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क काफी संक्रीण है और कई जगहों पर तीखे मोड़ भी हैं। जिसके कारण आये दिन इस प्रकार की दूर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।
बताया गया कि इस सड़क का चौड़ीकरण के लिए सर्वे हो चुका है। परन्तु अब तक चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है संबंधित विभाग संज्ञान में लेकर यथाशीघ्र सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू करो।

## एमटीआई, रांची और आईआईएम कोझिकोड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**रांची :** सेल-एम. टी. आई. रांची ने 9 दिसंबर, 2024 को आई. आई. एम. कोझिकोड में आयोजित एक कार्यक्रम में शैक्षणिक सहयोग के लिए आई. आई. एम. कोझिकोड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री संजय धर, सीजीएम (एचआर-एलएंडडी) एमटीआई, सेल और लेफ्टिनेंट कर्नल जूलियस जॉर्ज (प्रमुख-प्रशासन और एचआर) आईआईएम कोझिकोड ने दोनों संगठनों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्रो. दीपा सेठी, डीन, आउटरीच, एक्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड इंटरनेशनलाइजेशन, आईआईएम कोझिकोड और प्रो. दीपक एस कुमार (चेयरपर्सन-एमडीपी) आईआईएम कोझिकोड भी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। यह समझौता ज्ञापन अन्य बातों के साथ-साथ सेल के नए पदोन्नत सीजीएम के लिए अनुकूलित उन्नत नेतृत्व कार्यक्रम (एएलपी) के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग सेल की समग्र शिक्षण और विकास रणनीति का हिस्सा है जो हमारे अधिकारियों को बहुत आवश्यक अकादमिक अनुभव प्रदान करेगा।

# सिल्ली में पोषण आहार का किया गया वितरण




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को बड़ामुरी पंचायत में पोषित बचपन अभियान के तहत दूसरा फॉलोअप आयोजित किया गया। इस दौरान मुरी पंचायत के 25 कुपोषित बच्चों का वजन और लंबाई मापी गई। साथ ही, उनके पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोषण वाटिका का उदघाटन भी किया गया। जिसका उद्देश्य रसोई उद्यान (किचन गार्डन) को बढ़ावा देना है । इसके तहत उपस्थित परिवारों को विभिन्न प्रकार के बीज वितरित किए गए । ताकि वे अपने घरों में पोषण वाटिका स्थापित कर सकें और संतुलित आहार सुनिश्चित कर सकें। यह पहल बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय समुदाय ने इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई । इस मौके पर सन्नी, गोवर्धन एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुरनाडीह परियोजना में मनाया गया वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**खलारी :** पुरनाडीह परियोजना में सोमवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया।इस अवसर पर निरीक्षण दल में सिरका से आये परियोजना पदाधिकारी श्रीकांत शर्मा,धनंजय कुमार सिंह, अमित कुमार, रजनीकांत सिंह,रामशंकर प्रसाद, रूपेश महतो,शहबाज आलम एव महाप्रबंधक सुजीत कुमार, आईएसओ के आरपी शरण, एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी शकील अख्तर एव संचालन हर्षित श्रीवास्तव ने किया। सबसे पहले निरीक्षण दल के कन्वेनर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। उंसके बाद सभी अधिकारियों एव कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सुरक्षित कार्य करने वाले आठ कामगारो को पुरस्कृत किया। इस मौके पर लोकनाथ राणा, मैनेजर दीपक कुमावत, सेफ्टी ऑफिसर मेकाला कार्तिक,उमाकांत सिंह,प्सहित कई कामगार उपस्थित थे।

# द्वितीय इंडो-यूरोपीय संगोष्ठी ऑन सरफेस इंजीनियरिंग संगोष्ठी का आयोजन 11 ओर 12 को

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी , मेसरा, रांची के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित द्वितीय इंडो-यूरोपीय संगोष्ठी ऑन सरफेस इंजीनियरिंग (क्एररए-2024) का आयोजन 11 और 12 दिसंबर 2024 को किया जाएगा।
यह प्रतिष्ठित संगोष्ठी भारत, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, पुर्तगाल, अमेरिका और अन्य देशों के 100 से अधिक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और शोधकताओं को एक मंच पर लाएगी। संगोष्ठी में 12 प्रमुख वक्ता अपने नवीनतम शोध और उद्योग संबंधी अंतर्दृष्टियां साझा करेंगे।
क्एररए-2024 का उद्घाटन डॉ. नरेश चंद्र मुर्मु, निदेशक, सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, दुगार्पुर द्वारा किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण आयोजन सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रगति, नवाचार और उभरते रुझानों पर केंद्रित होगा, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना है।
इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, कुलपति, इक्ळ मेसरा करेंगे, जबकि प्रोफेसर अल्बानो कैवलेइरो, यूनिवर्सिटी ऑफ कोइंब्रा, पुर्तगाल से सह-अध्यक्ष के रूप में योगदान देंगे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. ऋषि शर्मा और सह-संयोजक डॉ. सोमक दत्ता, सहेयक प्रोफेसर, है। यह संगोष्ठी रॉयल इंस्ट्रूमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सर्फेस मॉडिफिकेशन टेक्नोलॉजीज, एडवांस्ड साइंटिफिक कंट्रोल्स, मा आशापुरा एंटरप्राइजेज, टएउडठ, रांची, और होलमार्क ऑप्टो-मेकाट्रोनिक्स लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से आयोजित हो रही है, जो सतह इंजीनियरिंग के महत्व और इसके औद्योगिक व अनुसंधान क्षेत्र में योगदान को रेखांकित करती है।
क्एररए-2024 एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां भारतीय और यूरोपीय शोधकर्ता सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार और इसके अनुप्रयोगों को तलाशने के लिए एकत्रित होंगे। संगोष्ठी में विशेष रूप से एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सतह इंजीनियरिंग के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।
संगोष्ठी में ज्ञानवर्धक व्याख्यान, रोचक चचार्एं, और प्रतिभागियों के लिए नेटवर्किंग के अनमोल अवसर उपलब्ध होंगे। यह कार्यक्रम शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सतह इंजीनियरिंग अनुसंधान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा।।

# मांडर ऑक्सब्रिज स्कूल ने जीता इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**मांडर :** रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा रांची में रांची सहोदया स्कूल काम्पलेक्स के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ।
इस प्रतियोगिता में सी बी एस ई विद्यालयों के 19 टीम भाग ली। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच टेंडर हार्ट स्कूल रांची एवं आक्सब्रीज स्कूल मांडर के बीच खेला गया ,जिसमें आक्सब्रीज स्कूल मांडर विजेता रहा। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच डी.ए.वी.विवेकानंद स्कूल बेड़ो एवं संत जॉन स्कूल रांची के बीच खेला गया जिसमें संत जॉन स्कूल विजेता रहा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर एवं संत जॉन स्कूल रांची के बीच खेला गया जिसमें संत जॉन स्कूल रांची विजेता रहा! दोनों टीमों के बीच बेहद ही रोमांचक मुकाबला हुआ।
इस अवसर पर श्रीमती शालिनी विजय ,प्राचार्य गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल रांची, मोहम्मद तौफीक आलम, निदेशक ऑक्सब्रिज पब्लिक स्कूल मांडर,श्री शक्तिनाथ लाल दास, माननीय अध्यक्ष शिशु विकास मंदिर समिति झारखंड धुर्वा रांची,,डॉक्टर धनेश्वर महतो, माननीय सह मंत्री शिशु विकास मंदिर समिति के डॉ उमाशंकर शर्मा शामिल थे।

# बेमौसम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, खरीफ धान कटनी की रफ्तार में ब्रेक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**बुढ़मू :** मौसम विज्ञान की भविष्यवाणी के अनुरूप इस क्षेत्र में सोमवार के अहले सुबह से हो रही बे मौसम की वारिश ने यहाँ के लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। वही खरीफ धान फसलों की कटनी की रफ्तार भी रुक सी गई है। सोमवार सवेरे से हो रही बूंदा बान्दी की रफ्तार बढ़ जाने से धान की खडी फसल को क्षति पहुंचने का अनुमान है। मौसम विज्ञान की अनुमान की ओर गौर किया जाय तो मंगलवार तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है जिससे किसानो को और दो दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है। वैसे भी खेतो मे कही कही जल जमाव हो जाने से पककर तैयार धान फसल को नुकसान होने का अनुमान है। सोमवार को दोपहर के बाद वारिश तो थम गई धूप भी खिली लेकिन घने कुहासे के कारण दिन मे ही अंधेरा छा गया। कोहरे के कारण रवी की फसलों को भी नुकसान का अनुमान है। कोहरा से खास कर आलू की फसल के साथ साथ प्याज के बिचडे को भी नुकसान हो सकता है। खेतो के साथ-साथ खलिहान मे भी जल जमाव की स्थिति बनी हुइ है। नमी के कारण धान मे अंकुरण होने का भी अनुमान है तथा उपज का अधिकांश हिस्सा बर्वाद होने के कगार पर होगा ओर किसानो का मेहनत व्यर्थ चला जायेगा जिसकी भरपाई कर पाना सम्भव नहीं है।

## नगड़ी के चौक-चौराहों पर जलाया गया अलावा



**पिस्का नगड़ी :** शीतलहरी के देखते हुए उपायुक्त के निदेर्शानुसार नगड़ी अंचल के द्वारा सोमवार को चौक चौराहों में अलाव जलाया गया। नगड़ी के चेकनाका चौक, नगड़ी मस्जिद चौक, मंदिर चौंक, देवरी मोहल्ला सहित विधान सभा के बाहर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर अंचल पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, प्रभारी अंचल निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, अंचल उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, संतोष कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जिकिरुल्ला अंसारी, विक्रांत भगत, बलराम सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना, अतिथि शिक्षकों को कार्य करने से रोका जा रहा है

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**रांची :** रविवार को गंगा आश्रम होटल में अतिथि शिक्षकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बतलाया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। अतिथि शिक्षकों को काम करने से रोका जा रहा है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय का निर्देशन है, कि जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है तब तक अतिथि शिक्षकों को नहीं हटाया जा सकता है। इसके बावजूद रांची विश्वविद्यालय के द्वारा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के संकल्प का हवाला देते हुए काम करने से रोका जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय के पदाधिकारी विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य को मौखिक रूप से निर्देशन दिया है कि अतिथि शिक्षकों से काम नहीं लिया जाए एवं इन्हें हाजरी बनाने से रोका जाए, जिसके कारण अतिथि शिक्षकों की हाजिरी का रजिस्टर हटा दिया गया है। वहीं कुछ महाविद्यालयों में हाजरी रजिस्टर और बायोमेट्रिक मशीन भी हटा दिया गया है। वहीं दूसरी ओर इन अतिथि शिक्षकों को 18 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि पिछली हेमंत सरकार ने 14/ 10/ 2024 को अपने अंतिम कैबिनेट में अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में समायोजित करने का प्रस्ताव पारित किया लेकिन इसके द्वारा जो संकल्प बनाया गया संकल्प काफी भ्रामक है। जिसके कारण अतिथि शिक्षकों का न तो अभी तक समायोजन हो पाया है वहीं दूसरी ओर इसी संकल्प का हवाला देते हुए हमें काम करने से रोका जा रहा है।। इस पर इन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि अतिथि शिक्षकों से संबंधित अंतिम कैबिनेट में पारित संकल्प पर पुनर्विचार किया जाए, एवं उस पर संशोधन किया जाए तथा हमारी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। वहीं मोहम्मद ताल्हा ने कहा कि हमें पिछले 18 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण सभी अतिथि शिक्षकों की माली हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है वहीं दूसरी ओर इन्होंने बताया कि लगभग 9 वर्ष पूर्व हमारी नियुक्ति विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी तथा ॠएफबढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।। इसके लिए सभी विभागों में विद्यार्थियों के नामांकन की संख्या बढ़ा दी गई,जिसके कारण वर्तमान समय में सभी विभागों में डबल संख्या में विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं लेकिन अब स्थिति यह हो चुकी है कि विद्यार्थियों की संख्या तो बढ़ चुकी है लेकिन इन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों को हटाने का प्रावधान कर दिया गया है। डॉ साहब आर्यन ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा सबसे पहले हमारी नियुक्ति नियम संगत तरीके से विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से हुई है इस ?के बावजूद हमें फिर से नई नियुक्ति प्रक्रिया में आवेदन कराना हमारे साथ दुर्व्यवहार और शिक्षकों के सम्मान से खिलवाड़ है।। संघ के संयोजक डॉ धीरज कुमार सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि कैबिनेट के द्वारा उस संकल्प को भी समाप्त कर दिया गया, जिस संकल्प के द्वारा हमारी नियुक्ति की गई थी अर्थात हमारा आधार ही समाप्त हो जाए, जिससे हम अपना अधिकार भी न मांग सके।। अतः अतिथि शिक्षक संघ ने राज्य सरकार से राज्य सरकार से मांग किया कि तत्काल संकल्प संख्या 1609 में आवश्यक संशोधन करते हुए अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित सहायक प्रध्यापक के रूप में समायोजित करें साथी उनके सभी बकाया मानदेय का भी तत्काल भुगतान करें। इस दौरान प्रेम शंकर तिवारी, शिवकुमार, आलोक उत्पल, राजु हजाम,डॉ विद्याधर मेहता, निहारिका महतो, शहबाज आलम, मोहम्मद तल्हा, डॉ हैदर अली, सुमित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

# विधान सभा के सदन में लगे जय श्रीराम, जय झारखंड व जय बूढ़ा बाबा के नारे

नवेन्दु उन्मेष

**रांची :** एक ओर जहां सोमवार को राजधानी रांची में बादल छाये रहे और बारिश हुई वहीं विधान सभा का सत्र खुशगवार माहौल में शुरू हुआ। नवनिर्वाचित विधायकों के चेहरे पर मुस्कान नजर आये और एक-दूसरे के प्रति अभिवादन के बादल छाये रहे। विधानसभा सत्र पूर्वाह्न ग्यारह बजे शुरू हुआ। सर्वप्रथम प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी के सदन में प्रवेश करते ही माहौल शांत हो गया। विधान सभा सचिव के द्वारा राज्यपाल के द्वारा भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों को लेकर सत्र बुलाने के औचित्य पर प्रकार डाला गया। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर ने माननीय सदस्यों को शपथ लेने की अनुमति प्रदान की। इसके तहत सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधान सभा के सदन में शपथ ली। श्री सोरेन के बाद पाटन से चुनकर आये कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर ने शपथ ली।

इसके बाद बारी-बारी से एक-एक सदस्य ने विधान सभा की शपथ ली। किसी ने हिन्दी में तो किसी ने उर्दू में, तो किसी ने खोरठा, संताली, मुंडारी, कुड़ुख, हो भाषा में शपथ ली।

जब डुमरी से चुनकर आये जयराम महतो का नाम पुकारा गया तो सदन में उपस्थित विधायकों, दर्शक दीर्घा में उपस्थित लोगों व प्रेस दीर्घा में मौजूद पत्रकारों की नजर उन पर पड़ी। जयराम महतो आरएसएस की प्रार्थनाा मुद्रा में खड़े होकर शपथ लेते नजर आये। शपथ लेने के बाद उन्होंने जय झारखंड, जोहार झारखंड और जय बूढ़ा बाबा के नारे लगाये। उन्होंने खाली पैर खड़े होकर शपथ ली। इसके बाद जब वे अन्य विधायकों का अभिवादन



करने के लिए निकले तब भी खाली पैर थे। वहीं रांची से निर्वाचित चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने जय झारखंड के साथ-साथ जय श्रीराम के भी नारे लगाये। दूसरी ओर सुरेश पासवान एक हाथ में संविधान और दूसरे हाथ में शपथ पत्र की कापी लेकर शपथ ग्रहण करते नजर आये। तोरपा से निर्वाचित सुदीप गुड़िया का नाम जब शपथ ग्रहण के लिए पुकारा गया तो वे कुछ देर तक चुपचाप खड़े रह गये। कुछ समय के बाद उन्होंने अपना शपथ पत्र पढ़ना शुरू किया।

प्रायः सभी दलों के विधायकों को शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अभिवादन करते हुए देखा गया। यहां तक कि श्रीमती कल्पना सोरेन ने भी हेमंत सोरेन का अभिवादन किया। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू दास ने भी शपथ ली और लोगों का अभिवादन किया। वह सदन में सबसे कम उम्र की सदस्य के रूप में नजर आयी। उसने भारतीय परंपरा के अनुसार माथे पर घूंघट ले रखा था।

गाड़ेय से चुनकर आयी कल्पना सोरेन हरे रंग का कोट पहने और सफेद में हरे रंग की डिजाइन की साड़ी पहने हुए नजर आयीं। एक ही सीट पर लुईस मरांडी और कल्पना सोरेन, इसी प्रकार एक ही सीट पर हेमंत सोरेन और राधाकृष्ण किशोर बैठे नजर आये।

पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो पिता के निधन के बाद अग्नि संस्कार के कपड़े उतरी में ही खाली पैर सदन में आये। उन्होंने इसी स्थिति में सदन की शपथ ली।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि सोमवार को सदन का माहौल बहुत ही अच्छा था।

# मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी में बने मंत्रियों के आवास का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी, रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कई दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास और पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी, 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था और



झूला इत्यादि लगाने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार और जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रांची के कॉलेज और स्कूलों में साइलेंस जोन घोषित

**रांची :** रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में भी साइलेंस जोन घोषित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत टोल फ्री नबंर 112 या थाना में करने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जायेगी।

उन्होंने कहा कि रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं करना है और किसी प्रकार का लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।

# पारस हॉस्पिटल धुर्वा में पेट के कैंसर से पीड़ित 51 वर्षीय महिला का सफल इलाज

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** पारस हॉस्पिटल धुर्वा में पेट के कैंसर से पीड़ित 51 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया गया है।

पेट में कैंसर के कारण भोजन वाले रास्ते में रुकावट आ गई थी, इस कारण खाने और पीने में भी परेशानी हो रही थी। इसकी वजह से कैंसर की दवाइयों को भी देने में भी दिक्कत आ रही थी। वो महिला मरीज ऑपरेशन के लिए भी फिट नहीं थी। पारस हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के निदेशक बिग्रेडियर डॉ आलोक चंद्रा ने इस मरीज को नयी तकनीक से इलाज किया। इंडोस्कोपी के माध्यम से पेट में रूकावट वाले स्थान के उपर एक मेटल स्टेंट डालकर मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। 20 मिनट के अंदर मरीज के पेट के भीतर जो रूकावट थी, इसे खोल दिया गया। अब मरीज बड़े ही आराम से मुंह से खाना खा सकती है और कैंसर का इलाज भी आगे आसानी से करवा सकती है।



बिग्रेडियर डॉ आलोक चंद्रा ने कहा कि पारस हॉस्पिटल धुर्वा में पहली बार में इस तरह का ऑपरेशन इंडोस्कोप से किया गया है। इस तकनीक के इस्तेमाल से कैंसर के मरीजों को अच्छे से इलाज करवाने में मदद मिलेगी। मरीज अच्छे तरीके से खाना खा कर अपना जीवन बिता सकती है।

पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल धुर्वा में मरीज के इलाज की विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध है। यहां केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस हॉस्पिटल में झारखंड समेत अन्य प्रदेशों के मरीज इलाज करवा रहे हैं।

## पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर फैसला 12 को

**रांची :** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में फैसले की तिथि 12 दिसंबर को निर्धारित की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। जमीन घोटाले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

# भारत सरकार कठोरता के साथ बांग्लादेश में उसके संविधान को लागू कराए: बिनोद गढ़यान

## बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ राजभवन मार्च आज

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज एवं हिंदुओ के मनवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ 10 दिसंबर को होने वाले राजभवन मार्च कार्यक्रम को लेकर सोमवार को झारखड़ के सर्व सनातन समाज के द्वारा रांची स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होराइजन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता में चिन्मय मिशन के बिनोद गढ़यान, अखिल भारतीय संत समाज समिति के उपाध्यक्ष के प्रमुख स्वामी दिव्यानंद महाराज प्रमुख स्वामी परिपूणार्नंद स्वामी, मेन रोड गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथि विक्रमजीत सिंह, स्वेताम्बर जैन समाज के सचिव बिनोद विरमानी, बौद्ध समाज के पावन लामा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को




सम्बोधित किया।

चिन्मय मिशन के बिनोद गाडयान ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यको के खिलाफ हो रहे अत्याचार और मानवाधिकार के हो रहे उल्लंघन पर रोष एवं चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बंग्लादेश सरकार को अविलंब इस अत्याचार को रोकना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब हिन्दू समाज जाग चुका है और इसका उदाहरण 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के दिन देखने को मिलेगा। जब दुनियां भर के हिन्दू, सिख, बौद्ध, समाज के लोग बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़कों पर उतरेंगे और बांग्लादेश सरकार को चेतावनी देने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड़ की राजधानी रांची में भी हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन धर्म को मानने और बांग्लादेश के अल्पसंख्यको को लेकर जो लोग चिंतित है वे सभी लोग 10 दिसंबर को मोरहाबादी से राजभवन तक प्रदर्शन मार्च निकाल कर अपनी गहरी आवाज भारत के प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को संदेश देने के लिए जुटेंगे और राज्यपाल को ज्ञापन सौपेंगे।

अखिल भारतीय संत समाज समिति के उपाध्यक्ष के प्रमुख स्वामी दिव्यानंद महाराज ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने भी सीधे और सरल शब्दों निंदा की और कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लोगों की मानवाधिकार की रक्षा बांग्लादेश सरकार करे।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के विदेश सचिव अपने 20 प्रतिनिधियों के साथ बांग्लादेश गए हैं। यह प्रतिनिधिमंडल वहां की सरकार से वार्ता करेगा और भारत सरकार की चिंता और मांगों से अवगत कराएगा।

चिन्मय मिशन के प्रमुख स्वामी पूर्णानन्द ने कहा कि बांग्लादेश को यह नहीं भूलना चाहिए कि आपका जन्मदाता भारत ही है अगर भारत आपसे रूठ जाए तो आपको बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। श्वेताम्बर जैन समाज के सचिव बिनोद जैन बैग्वानी ने कहा कि बांग्लादेश में अविलंब शांति बहाल किया जाए। बौद्ध समाज के पवन कुमार लामा ने कहा कि भाई भाई का प्रेम नही दिख रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक के खिलाफ हो रहे अत्याचार का पुरजोर तरीके से विरोध किया और भारत सरकार तथा यूएन से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में मानवाधिकार की सुरक्षा किया जाए।

# रोजगार और विकास हेमन्त सरकार की प्राथमिकता : मंत्री सुदिव्य कुमार

## विश्वकर्मा समाज का मुख्यमंत्री अभिनन्दन समारोह जनवरी में : विकास राणा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक परिसदन भवन हजारीबाग में आयोजित की गई,इस बैठक मे झारखण्ड के सभी जिला से नियुक्त प्रदेश स्तरीय कोर कमेटि के सदस्य उपस्थित हुए।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित हुए।समाज के वरीय संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने बताया सर्वप्रथम कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने बुके देकर एवं माला पहनाकर गर्मजोशी से मंत्री जी का स्वागत किया साथ ही बैठक में



सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनवरी में माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी एवं माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू जी का राज्यस्तरीय अभिनन्दन समारोह का आयोजन राँची में किया जायेगा जिसमें पूरे झारखण्ड से विश्वकर्मा समाज के लोग हजारों हजार हजारों की संख्या में शामिल होंगे। मौके पर मुख्यअतिथि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुझपर भरोसा करके मंत्री पद की जिम्मेवारी सौंपी है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा आनेवाले दिनों में झारखण्ड की तस्वीर बदलेगी।झारखण्ड के चहुमुखी विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होगा ।

वहीं झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड की राजधानी राँची में विश्वकर्मा समाज के द्वारा जनवरी महीने में माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू जी का भव्यरूप से अभिनन्दन किया जायेगा।इस अभिनन्दन समारोह में पुरे झारखण्ड के सभी जिला से हजारों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे।

प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा,डोमन राणा, हीरामन मिस्त्री, यदु राणा,संजय कुमार शर्मा,संतन शर्मा,शंकर विश्वकर्मा, वरीय संरक्षक शिवकिशोर शर्मा, विनोद राणा, गुप्तेश्वर शर्मा, विनोद शर्मा, लखन लाल शर्मा, देवकी राणा, सुभाष राणा, जीतन राणा,गणेश राणा, रामलखन राणा, प्रो.जगदीश शर्मा, महावीर राणा, उमेश शर्मा, कीनू राणा, बैजू शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अशोक राणा, बृजलाल राणा, उमेश राणा, संदीप शर्मा,सुनील राणा शामिल हुए।

# राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 23 को

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है। यह सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच में हुई।

यह मामला भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह (वर्तमान गृह मंत्री) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता नवीन झा के वकील विनोद साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था। यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने वर्ष 2018 को किया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग बने भ्रष्टाचार का गढ़: बाबूलाल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़



बन गए हैं।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दशार्ता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है। यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं। सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है। ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है।

# डॉक्टर अंशु साहू को मिला फेलोशिप

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** इंदौर के रेडिसन बलु होटल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पियरे फोरचर्ड अकेडमी की ओर से प्रोफेसर डॉक्टर अंशु साहू ऑर्थोडॉटिस्ट को फेलोशिप प्रदान किया गया। यह सम्मान इस बार पूर्वी भारत के कुल 8 लोगो को दिया गया है । जिसमे 5 झारखंड के और 3 बिहार से थे । पियरे फोरचर्ड अकेडमी हर साल एक दीक्षांत समारोह और पुरस्कार समारोह का आयोजन कर दंत चिकित्सा पेशे में उनके योगदान के लिए योग्यता के आधार पर देश के योग्य दंत चिकित्सा पेशेवरों को एक फेलोशिप देता है।




डॉक्टर अंशु साहू 22 साल से झारखंड में दंत चिकित्सा के आधुनिक, वैज्ञानिक उपचार प्रदान कर रहे हैं। साथ ही सकारात्मक सामाजिक गतिविधियाँ, और विभिन्न संस्थानों में भाषण -व्याख्यान देने का ख्याति प्राप्त है। देश विदेश के प्रसिद्ध दंत चिकित्सकों - संस्थानों ने डॉक्टर अंशु साहू को विभिन्न पुरस्कार से सम्मानित किया है। ज्ञात हो की डॉक्टर साहू के परिवार में अनेक डाक्टर्ज और सर्जन हैं जो कई देश में कार्यरत हैं। इनके पूर्वजों ने राँची का पहला नर्सिंग होम शुरू किया जो आज भी मानव सेवा परम धरम मानते हैं। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय शौण्डिक संघ , झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ, पंचपरगना सूंड़ी संघ झारखंड, छतीसगढ़ सूंड़ी समाज सहित देश के और कई राज्यों के सामाजिक संगठनों ने डॉ अंशु साहू को मिल रहे सम्मान के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# डॉ सुरिन्दर कौर नीलम की दो पुस्तकों का लोकार्पण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल पी पी कंपाउंड के सभागार में जानी मानी वरिष्ठ कवयित्री डॉ सुरिन्दर कौर नीलम की दो पुस्तकों का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलित कर सरस्वती जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और रेणु झा रेणुका के मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संगीता सहाय अनुभूति ने अतिथियों का स्वागत किया। गीत संग्रह 'कल -कल रागिनी ' और काव्य संग्रह 'तुम आओगे न..?' पुस्तकों के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ हरेराम त्रिपाठी चेतन ' ने कहा कि मैं डॉ नीलम की साहित्यिक यात्रा के संघर्ष का साक्षी रहा हूं। उन्होंने कवयित्री के पतिदेव गुरकमल सिंह के सहयोग की चर्चा करते हुए कहा कि सभी पतियों को प्रेरणा लेनी चाहिए पत्नी का साथ देने की।

वक्ता विद्वान निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव जी ने कहा कि डॉ नीलम एक संवेदनशील कवयित्री हैं जो समय की नब्ज को पहचान कर शब्दों में व्यक्त करती हैं।भाव, भाषा, छंदों और शिल्प की कवयित्री हैं।

मशहूर शायर और समारोह के वक्ता नसीर अफसर ने कहा कि




कवयित्री ने हिंदी के साथ उर्दू के शब्दों का प्रयोग भी बड़ी खूबसूरती और सलीके से किया है।सरल भाषा में गहन भावों को लिए हुए इनकी रचनाएं पाठकों के दिलों में आसानी से पंहुच पाएंगी ऐसी उम्मीद है।

मौके पर चरणजीत कौर,कमल बोस और नीरज नीर ने काव्य पाठ किया। सदानंद सिंह यादव और सूरज श्रीवास्तव ने कवयित्री के लिखे गीतों को कर्ण प्रिय अंदाज में प्रस्तुत किया। नन्हीं मायरा कौर ने एक कविता प्रस्तुत की।

पति गुरकमल सिंह ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इसके अलावा गुरविंदर सिंह सेठी, परमजीत सिंह टिंकू और मलकीयत सिंह ने शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में परिवार के सदस्यों,शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों , साहित्यकारों और महिला काव्य मंच की कवयित्रियों की उपस्थिति ने समारोह को सफल बनाया। सुभाष कुमार सहाय, रंगोली सिन्हा, अंकिता सिंह, बिम्मी प्रसाद ने विशेष सहयोग किया। समारोह का बेहतरीन संचालन सीमा चंद्रिका तिवारी ने और धन्यवाद ज्ञापन रेणु झा रेणुका ने किया।

# मौसम ने ली करवट, कड़ाके की ठंड में घरों में दुबके लोग

## मौसम विभाग ने 48 घंटे तक बारिश होने की जताई संभावना





**रामगढ़।** मौसम ने करवट ली और ठंड की मार भी लोगों पर पढ़ने लगी। तापमान में आई अचानक गिरावट के बाद आम जन जीवन प्रभावित हो गया। सोमवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और लगातार बारिश होती रही। कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। पूरे जिले में कोहरे व धुंध ने यातायात की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी। शाम 5 बजते ही लोग ठंड से बचने के लिए घरों में दुबक गए। यहां तक कि लोग जरुरी काम पड़ने पर भी घरों से निकलने में कतराते रहे। बुजुर्गों और बच्चों का ठंड से बुरा हाल है। बारिश और कोहरे की वजह से भीड़ से पटे रहने वाले बाजार और सड़क भी सुनसान थे। सोमवार को न्यूनतम तापमान करीब 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 48 घंटे तक बारिश होने की है संभावना

मौसम विभाग के वैज्ञानिक शशिकांत चौबे ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव हुआ है। आसमान में अगले 48 घंटे तक बादल छाए रहेंगे और रुक रुक कर बारिश होती रहेगी। उन्होंने बताया कि बादल छंटते ही तापमान में और भी गिरावट होगी। जिसकी वजह से ठंड काफी बढ़ेगी।

### अस्पतालों में पहुंचने लगे मरीज

कनकनी बढ़ने से वायरल फीवर, खांसी के मरीजों में अचानक इजाफा देखा जा रहा है। सर्दी जकड़ने और सांस लेने में परेशानी के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं, वहीं डॉक्टर भी मरीजों से ठंड से बचाव की सलाह दे रहे हैं।

### चौक चौराहों पर अलाव जलाने की हुई मांग

इधर ठंड बढ़ने से चौक-चौराहों पर अलाव की मांग उठने लगी है। इधर ठंड बढ़ने से रोजमर्रा काम करने वालों की मुश्किलें बढ़ गई है। बाजार में गर्म कपड़े की दुकानें सज गई है।

## गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में 7:30 तक नए सदस्य जमा कर सकेंगे फॉर्म आज



रामगढ़। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा रामगढ़ में चुनाव कमेटी की बैठक मुख्य चुनाव पदाधिकारी सरदार नरेंद्र सिंह चमन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर नरेंद्र सिंह चमन ने बताया कि नए सदस्य बनने के लिए 19 फॉर्म की बिक्री हुई, जबकि पांच डुप्लीकेट कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर तक संध्या 7:30 बजे तक नए सदस्य का फॉर्म जमा किया जाएगा। इस दौरान बैठक में चुनाव कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## मौसम ने ली करवट, दिनभर छाया रहा कोहरा



भुरकुंडा। मौसम ने ली करवट और बढ़ा दिया ठंड का प्रकोप। अब तक जंहा चमचमाती धूप निकल रही थी वहीं सोमवार को दोपहर तक हुई बारिश व कोहरे की मोटी चादर के साथ दिन भर सर्द हवाओं का प्रकोप बना रहा। लोगों को इस कंपा देने वाली ठंड के साथ ही जहां-तहां अलाव जलाते देखा गया। कनकनी हवाओं के चलने और घने कोहरे के कारण मौसम सर्द हो गया है और दिनभर ठंड का असर देखा गया। लोग घरों से निकलने में परहेज कर रहे थे। घाना कोहरे के कारण वाहनचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनचालक हैडलाइट के सहारे धीमी गति से सफर करने को मजबूर हो गए। शीतलहर और कोहरे के चलते आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

## सीएम हेमंत ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

रांची, एजेंसी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी जी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और माननीय राज्यसभा सांसद आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## होटल में लगी आग, सारे सामान जल कर खाक

पलामू, एजेंसी। पांकी मस्जिद चौक कब्रिस्तान कॉम्प्लेक्स स्थित होटल में अचानक आग लगने से सारे सामान जल गए। इससे दुकानदार को लगभग एक लाख रुपये के सामान का नुकसान हुआ। भुक्तभोगी दुकानदार संझलु आंसारी ने बताया कि आग दुकान में कैसे लगी पता नहीं चल पा रहा है। दुकान में खाद्य सामग्री के साथ होटल में रखा हुई नकद राशि के साथ रोजमर्रा के आवश्यक सामान भी थे, जो जलकर राख हो गये। भुक्तभोगी ने पलामू उपायुक्त से मुआवजे की मांग की है।

## झारखंड सरकार के मंत्री ने राजद अध्यक्ष लालू से की मुलाकात

रांची, एजेंसी। झारखंड के श्रम और उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने पदभार संभालने के बाद रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। साथ ही मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से भी मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और विचार-विमर्श किया। लालू परिवार के नेताओं ने संजय प्रसाद यादव को राज्य हित और जनहित में काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक गरीबों के उत्थान के लिए काम करें। गांव-गांव जाकर गरीबों के दुख-दर्द को समझें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य, समाज और देश के विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहना होगा एवं काम के माध्यम से विरोधियों को जबाव देना होगा। संजय प्रसाद यादव के साथ राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भी मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## मनिका में ट्रक व कार की टक्कर, दो घायल

लातेहार, एजेंसी। मनिका थाना क्षेत्र के नदबेलवा मोड़ के पास रविवार को ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे कार में सवार दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कार पलामू के बिजली विभाग एसडीओ की बताई जा रही है। जिसमें बिजली विभाग के एसडीओ दामोदर कुमार सिंह व अंगद कुमार सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार थाना व एसआई मनोज कुमार दुबे समेत पुलिस बल घटनास्थल पर पहुचे। जहां पुलिस प्रशासन के द्वारा घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# अपार आईडी पर श्री अग्रसेन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, आधार और अपार के बीच दूर हुआ अभिभावकों का भ्रम

### हर छात्र की यूनिक पहचान के लिए है अपार आईडी : प्राचार्य



**भुरकुंडा।** पटेलनगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में सोमवार को क्या और क्यों है अपार आईडी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय और आसपास स्कूलों के अभिभावकों को अपार आईडी के संबंध में जागरूक किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने बताया कि अपार यानी ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आधार की तरह ही 12 अंकों की एक विशिष्ट आईडी है। नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार की वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी योजना के तहत सभी स्कूलों में बच्चों की अपार आईडी बनाई जा रही है। यह आईडी हर छात्र की यूनिक पहचान के लिए है। उन्होंने कहा कि आधार और अपार आईडी को लेकर अधिकतर अभिभावकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। लोग दोनों को एक समझ रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। आधार किसी व्यक्ति की पहचान और पते का प्रमाण होता है। जबकि अपार आईडी में छात्र के प्री-प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन तक के परीक्षा परिणाम, स्कॉलरशिप, प्रतियोगिता, एक्स्ट्रा करिकुलर, स्किल और शैक्षणिक सफर की पूरी डिटेल दर्ज रहेगी। यह छात्रों के लिए एक प्रकार का डिजिटल लॉकर होगा। निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने कहा कि अपार आईडी का सबसे बड़ा फायदा होगा कि इससे फर्जी एजुकेशननल डॉक्यूमेंट और मार्कशीट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी। विद्यालय में अपार आईडी कैंप को लीड कर रहीं नाजिया तौहिद ने अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। बताया कि अपार आईडी छात्र के आधार कार्ड से जुड़ा रहेगा। अगर छात्र नाबालिग है, तो अपार आईडी बनाने के लिए उसके माता-पिता से अनुमति पत्र लेना जरूरी है। नौकरी करने वाले अभिभावकों के मामले में एक राज्य से दूसरे राज्य में तबादला की स्थिति में अपार आईडी बच्चे से जुड़ी उनकी कई तरह की परेशानियों को कम करेगा। मौके पर चंदन कुमार सिंह, रामनवमी मांझी, सीमा देवी, आरती सिन्हा, विनोद शाह, श्रवण कुमार, विकास वर्मा, दिलीप प्रसाद साव, होमियो इस्लाम, बसंत, रंजीत, आयशा खातून, विजय गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थें।

## कांग्रेस की समीक्षा बैठक में दो कांग्रेसी भिड़े, वरिष्ठ नेताओं ने सुलझाया विवाद

**धनबाद, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में धनबाद जिले की छह में से तीन सीटों पर हुई कांग्रेस की हार की समीक्षा के लिए रविवार को उत्सव भवन में बैठक हुई। बैठक में दो कांग्रेसी नेता आपस में भिड़ गए। एक पक्ष से पिंटू तुरी व दूसरे पक्ष से इम्तियाज के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि पिंटू तुरी मारपीट की लिखित शिकायत करने धनबाद थाना पहुंच गए। मामला बिगड़ता देख वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप किया। काफी समझाने के बाद पिंटू तुरी थाने में बिना शिकायत किये वापस लौट आए। जिसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने बैठक कर दोनों को काफी समझाया और झगड़े को शांत कराया। इधर, इम्तियाज ने किसी तरह के विवाद से इंकार किया है।

दूसरे पक्ष के पिंटू तुरी ने कहा कि विवाद में मारपीट तक नौबत पहुंच गई, जो नही होनी चाहिए थी। कांग्रेस गांधीवादी पार्टी है और मतभेद कोई बड़ी बात नही है। उन्होंने यह भी कहा जो हमारे साथ हुआ है वह किसी और के साथ न हो इसके लिए अलाकमान से इसकी शिकायत करेंगे। ताकि आलाकमान इस पूरे मामले की अनुशंसा कर उचित कार्यवाई करें।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सीएस-24 दिनांक: 06.12.2024; संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** हटिया कोचिंग डिपो (चरण- II) में वाशिंग पिट लाइन नंबर 7 और 8 के लिए हर मौसम अनुकुल कवर शेड के निर्माण के लिए विद्युत कार्य; **विज्ञापित मूल्य:** ₹31,67,989.41; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** ₹63,400.00; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 30.12.2024 को 16:00 बजे; निविदा विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी प्रासंगिक कागजात निविदा दस्तावेज के साथ अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-881)

# रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद से की मुलाकात, किया स्वागत

### चैंबर द्वारा आयोजित होने वाले नागरिक अभिनंदन समारोह सह परिचर्चा में शामिल होने का किया आग्रह



रजरप्पा। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुरूबंदा स्थित पैतृक आवास पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद का स्वागत किया और रामगढ़ जिले के व्यापारियों की ओर से मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। साथ ही चैंबर द्वारा आयोजित किए जाने वाले नागरिक अभिनंदन समारोह सह परिचर्चा में शामिल होने का आग्रह किया। जिसपर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने अपनी सहमति जताई। साथ ही मंत्री ने यह आश्वस्त किया कि वह भी व्यापारी वर्ग से आते हैं और उन्हें भलि-भांति जानकारी है कि व्यापारियों को कहां-क्या समस्या होती है। उन्होंने मिलने आए चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वस्त किया कि उनके मंत्री रहते रामगढ़ जिले में किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या नहीं होगी। मुलाकात करने वालों में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, पंकज प्रसाद तिवारी उपस्थित थे।

## भाजपा का सदस्यता अभियान नहीं, संगठन पर्व है : डी पुरंदेश्वरी

# झारखंड में 22 से शुरू होगा सदस्यता पर्व




**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में स्थगित पार्टी का सदस्यता संगठन महापर्व अब 22 दिसंबर से विधिवत प्रारंभ होगा। इसको लेकर रविवार को नगड़ी रांची स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड की सदस्यता प्रभारी एसह आंध्रप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सांसद डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा यह संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने विशाल परिवार के साथ मनाती है।

**भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी :** आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी ने वर्ष 2014 में ऑनलाइन के माध्यम से सदस्यता कार्यक्रम को प्रारंभ किया था। जिसमें पूरे देश में 9 करोड़ सदस्य बने थे। आज चार राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड को छोड़कर जिसमें विधानसभा चुनाव के कारण सदस्यता कार्यक्रम स्थगित था, के बावजूद पार्टी ने अब तक देश भर में 11 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 11।35करोड़ सदस्य बना लिए हैं। चार राज्यों में सदस्य पूरी होने के बाद यह संख्या 14 करोड़ तक जा सकती है। भाजपा के कार्यकर्ता जो ठान लेते हैं उसे पूरा कर दिखाते हैं। भाजपा विचारों और कार्यकर्ताओं की धनी पार्टी है। हमारे पास देश के लिए जीने मरने का जज्बा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय हमारे नेता के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। सदस्यता पर्व के माध्यम से हम प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक पहुंचना है।

**अब पार्टी संगठन महापर्व में जुट गई है: बाबूलाल :** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व के बाद अब पार्टी संगठन महापर्व में जुट गई है। संगठन महापर्व का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा का निर्माण। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता ने पार्टी को पूरा आशीर्वाद दिया है। भले हम विधानसभा चुनाव में संख्या बल में पीछे रह गए लेकिन 59 लाख लोगों का समर्थन भाजपा को मिला है। चुनाव एक पड़ाव है लेकिन हम जनता के बीच बार बार जायेंगे। अपने नीतियों कार्यक्रमों के माध्यम से जायेंगे। सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा ही विकसित झारखंड का आधार है। झारखंड से लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्रविरोधी, विकास विरोधी ताकतों से लड़ने केलिए भाजपा के संघर्षशील और मजबूत संगठन को को निरंतर गति देनी है।

**भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का जानते हैं हुनर: डॉ लक्ष्मीकांत :** प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। यह सदस्यता महापर्व का कार्यक्रम मजबूत और संघर्षशील भाजपा बनाने का अवसर है। यह पर्व कार्यकर्ताओं का समाज से संपर्क, संबंध बढ़ाने का अवसर है। यह पर्व नए नेतृत्व को भी गढ़ता है।

**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

**आम सूचना**

राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना
दिनांक 14—12—2024
स्थानः— व्यवहार न्यायालय परिसर, खूँटी
समय—10:30 बजे
निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय, खूँटी के प्रागंण में दिनांक— 14—12—2024 को समय **10:30 बजे** पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक **राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह—समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभी प्रकार के दिवानी मामले | 10. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| 2.. सुलहनीय अपराधिक मामले | 11. बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 12. वन विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 13. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 14. चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| 6. भू – अधिग्रहण से संबंधित मामले | 15. विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 16. दुरभाष संबंधित मामले |
| 8. खनन संबंधित मामले | 17. सेवा संबंधित मामले |
| 9. परिवारिक विवाद | 18 अन्य सुलहनीय मामले |

**राष्ट्रीय लोक अदालत** के अन्तर्गत प्री कोन्सीलिएशन सीटींग 29.09.2024 से 13.12.2024 तक व्यवहार न्यायलय खूँटी में किया जा रहा है। उक्त प्री कोन्सीलिएशन सीटींग में उपस्थित होकर प्रतिदिन **11:00 बजे** पूर्वाहन **से 04:00 बजे** अपराहन तक पक्षकार अपने वादों का निपटारा सुलह—समझौता के आधार पर समाप्त करा सकते हैं एवं **राष्ट्रीय लोक अदालत** के अन्तिम दिन 14.12.2024 को भी व्यवहार न्यायालय खूँटी में उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन करा सकते हैं।

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को **11:00 बजे** पूर्वाहन **से 04:00 बजे** अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 **8789697778** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी—सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी
उपायुक्त,खूंटी—सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह—अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

PR 341591 Law(24-25)#D

## सतगावां थाना क्षेत्र के रामडीह में टेम्पु पलटने से कई घायल



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सतगावां देवघर गया को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जोकि सतगावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामडीह में सोमवार दिनांक 9 दिसम्बर को एक टेम्पु पलटने से कई लोग घायल हो गए जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल है, पूरे सतगावां प्रखंड में मात्र एक ही बाजार है बासोडीह और सोमवार को बासोडीह हाट मैदान में साप्ताहिक हाट लगता है इसी कारण से भीड़ काफी बढ़ जाती है , भीड़ के कारण से टेम्पु में जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे एवं उस जगह रोड भी खराब है चालक नियंत्रण खो बैठा और टेम्पु पलट गया। किसी को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन कुछ लोग घायल हो गए, घायलों को स्थानीय लोगों के सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां उन सबों का ईलाज किया गया। वहीं मौके पर सतगावां पुलिस पहुंच कर टेम्पु को अपने कब्जे में ले लिया है। इस मार्ग पर बराबर कोई न कोई दुर्घटना होते रहता है , इसलिए सतगावां की जनता की मांग है कि नासरगंज ब्लॉक के ऊपरी क्षेत्र से बाईपास रोड का निर्माण किया जाय जो खुट्टा में जा कर मुख्य मार्ग में शामिल कर दिया जाय इससे बहुत हद तक दुर्घटना को रोका जा सकता है।

## माहुरी वैश्य मंडल ने किया अतिथियों का भव्य स्वागत



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया शहर के शिव वाटिका में माहुरी वैश्य मंडल द्वारा कोलकाता माहुरी कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता और गिरिडीह माहुरी वैश्य महामंडल के संयुक्त सचिव शंकर प्रसाद गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गिरिडीह माहुरी वैश्य महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कप्सिमे,मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ, सचिव सुनील भदानी, निवर्तमान अध्यक्ष मुन्न भदानी, उपाध्यक्ष उदय बड़गवे, विनोद भदानी, पप्पू भदानी, दिलीप अठघरा, संजय तर्वे, महेंद्र लोहानी, गौतम वैश्यखियार, विकास वैश्यखियार, रवि लोहानी, शैलेश चरण पहाड़ी, जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन, विजय कप्सिमे समेत समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। संगठन के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए गए।मौके पर विशेष रूप से सुजीत लोहानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक विचार-विमर्श और संगठन की एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने झारखंड के नए मंत्रियों से मिल कर बधाई व शुभकामना दिए



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में कोडरमा कांग्रेस के नेताओ ने सोमवार को झारखंड सरकार के नवनियुक्त मंत्री डॉ. इरफान अंसारी खाद्य आपूर्ति एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री, शिल्पा नेहा तिर्की कृषि एवं पशुपालन मंत्री, दीपिका पांडेय सिंह, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, राधा कृष्ण किशोर वित्त सह योजना एवं विकास मंत्री तथा झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिलकर उन्हें बधाई व शुभकामना दिए । बधाई व शुभकामनाएं देने वाले में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष डोमचांच प्रदीप सिंह वरीय कांग्रेसी नेता राम लखन पासवान अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दशरथ पासवान दिलीप राम ने संयुक्त रूप से बुके एवं अंग वस्त्र देकर माननीय मंत्रियों को किया सम्मानित।

## झुमरी तिलैया कॉमर्स कॉलेज में हिन्दी साहित्य पर सेमिनार का आयोजन




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा।** दिनांक 09.12-2024 पूर्वाहन 11.45 बजे से महाविद्यालय कक्ष संख्या 07 में हिन्दी विभाग की ओर से एक सेमिनार समारोह का आयोजन किया गया, जिसका विषय हिन्दी साहित्य का उद्भव एवं विकास था7 समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो0 सोहर यादव एवं मंच का संचालन प्रो0 अशोक कुमार स्वर्णकार द्वारा की गई। सेमिनार में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी विषय वस्तु पर अपना-अपना विचार प्रस्तुत किया। समारोह में प्रो-श्याम किशोर ठाकुर, प्रो0 अरविन्द कुमार सिन्हा, प्रो0 युगल साव, प्रो0 मदन कुमार राणा, प्रो0- कौलाश राणा, प्रो0 गाँधी प्रसाद दिवाकर, प्रो0 नुरुल्लाह अंसारी, प्रो0 अमित कुमार, प्रो0 जीवलाल राणा एवं विजय दास उपस्थित थे। प्रो0 श्याम किशोर ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद 2 बजे अपराह्न सेमिनार की समाप्ति की गई।

# योग प्रशिक्षण शिविर मे स्वस्थ समाज के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया जिला स्वास्थ्य समिति, द्वारा शहर के होटल सेलिब्रेशन में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य व्यक्तियों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में स्वास्थ्य का संदेश फैलाना था।इस प्रशिक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षक नीरज कुमार सिंह और योग प्रशिक्षिका स्मृति वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों को सिखाया। शिविर की शुरुआत ओम उच्चारण और गायत्री मंत्र के साथ हुई। प्रतिभागियों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, मंडूकासन, सिंहासन, मकरासन, धनुरासन सहित कई योगासन कराए गए। इसके अलावा नाड़ी शोधन, शीतली और उजयि प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने के महत्व को भी समझाया गया। सूर्य नमस्कार का विशेष प्रशिक्षण दिया गया और इसके लाभों पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग केवल बीमारियों से लड़ने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में सकारात्मकता और अनुशासन लाने का एक साधन भी है। प्रतिभागियों ने इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने और समाज में योग का प्रसार करने का संकल्प लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सदर अस्पताल के डॉ. रंजीत कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और यह समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के संयोजक जिला परियोजना समन्वयक डॉ. अनिल कुमार और व्यवस्थापक पंकज कुमार ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्मृति वर्मा , नीरज कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का वादा किया।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में 'कुकिंग विदआउट फायर' कार्यक्रम का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया सेक्रेड हार्ट स्कूल में पोषण माह 2024 के उपलक्ष्य में कुकिंग विदआउट फायर÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में छात्रों ने बिना आग के बनने वाले पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार किया। इसमें फ्रूट सलाद, स्प्राउट चाट, वेज रोल, केक और हेल्दी सैंडविच जैसे व्यंजन शामिल थे। बच्चों ने अपने नवाचार और रचनात्मकता से यह साबित किया कि पौष्टिक भोजन स्वादिष्ट भी हो सकता है। स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों में हेल्दी ईटिंग हैबिट्स को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें पोषण के महत्व को समझाने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पोषण माह का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे तेजी से जंक फूड की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव



डालता है, बल्कि उनके मानसिक विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि जंक फूड में पोषक तत्वों की कमी होती है और यह मोटापा, मधुमेह, और हृदय रोग जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। ऐसे में इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को स्वस्थ और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने में सहायक होते हैं।

# बोकारो 38 रन से देवघर को हराकर फाइनल में




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में सोमवार को देवघर और बोकारो के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बोकारो ने 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनाए। जिसमें अविनाश कुमार ने 48 रन अक्षय दीप ने 22 रन एवं आकाश शर्मा ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए देवघर की ओर से हिमांशु राज ने तीन विकेट अहम सिंह ने एक विकेट लिए । देवघर की टीम 24.5 ओवर में 99 रन हीं बना सकी। देवघर की ओर से अर्पित ने 33 रन वीर प्रताप ने 17 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए बोकारो की ओर से प्रिंस कुमार झा ने चार विकेट कुलदीप कुमार ने चार विकेट और अनुज एवं अविनाश ने एक-एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए कुलदीप कुमार और प्रिंस कुमार झा को संयुक्त मैन ऑफ द मैच जेएससीए के संयुक्त सचिव पी एन सिंह और मेजर विधान चंद्र शर्मा के हाथों दिया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जेएससीए के संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने कहा कि झारखंड के बच्चों के लिए क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अंडर 14 का प्लेटफार्म सबसे बेहतर विकल्प है।


**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
**Email Id – gumlahorti@gmail.com, Phone No.- 65243 59722**

**अति अल्पकालीन निविदा**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 16.12.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 16.12.2024 के अपराह्न 03:00 बजे जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

जिला उद्यान पदाधिकरी, गुमला।

PR 341583 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

69वीं औपबंधिक सूची, जिला–राँची (पार्ट–1)

विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुबोध कुमार लकड़ा एवं पुष्कर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938,दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–24/1890 2. आवेदक–मुन्ना उराँव , पिता–मैसा उरांव<br>3. ग्राम–गुड़गुड़जाड़ी , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में बायीं ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–24/1891 2. आवेदक–चुन्दा उराँव , पिता–जोभी उराँव उर्फ जुबही उराँव<br>3. ग्राम–गुड़गुड़जाड़ी , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के तर्जनी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–24/1892 2. आवेदक–एतवा उराँव , पिता–स्व0 चैने उराँव<br>3. ग्राम–गुड़गुड़जाड़ी , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–24/1893 2. आवेदक–विजय उराँव , पिता–स्व0 हरि उराँव<br>3. ग्राम–गुड़गुड़जाड़ी , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–24/1894 2. आवेदक–शान्ति उराईन , पति–स्व0 महेश उराँव<br>3. ग्राम–गुड़गुड़जाड़ी , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–24/1895 2. आवेदक–सरस्वती उराईन , पति–चुन्दा उराँव<br>3. ग्राम–गुड़गुड़जाड़ी , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–24/1896 2. आवेदक–अनिता उराईन , पति–स्व0 लाखो उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कानी अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–24/1897 2. आवेदक–मंगी उराईन , पति–शिव उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–24/1898 2. आवेदक–चम्पु उराँव , पति–बन्धना उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–24/1899 2. आवेदक–कथरीना एक्का , पति–पेत्रुस एक्का<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–24/1900 2. आवेदक–हेमवन्ती उराँव , पति–स्व0 छोटे उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें अंगुठे में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–24/1901 2. आवेदक–मरियम एक्का , पति–पास्कल एक्का<br>3. ग्राम–सरगांव , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–24/1902 2. आवेदक–बिरसा टाना भगत , पिता–स्व0 चडरा टाना भगत<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के मध्य अंगुली टेढ़ा। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–24/1903 2. आवेदक–लखन भगत , पिता–खाता भगत<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–24/1904 2. आवेदक–शंकर उराँव , पिता–स्व0 बरगी उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–24/1905 2. आवेदक–प्रभु साहू , पिता–स्व0 मलार साहू<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–24/1906 2. आवेदक–घुमा उराँव , पिता–पहलू उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–24/1907 2. आवेदक–शिवा उराँव , पिता–जौरा उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–24/1908 2. आवेदक–मंगु उराँव , पिता–मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–24/1909 2. आवेदक–फुलदेव उराँव , पिता–गन्दरू उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–24/1910 2. आवेदक–दिवेश कुमार कुजूर , पिता–स्व0 भजू उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–24/1911 2. आवेदक–क्लेमेंनसिया कुजूर , पति–विलियम कुजूर<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें भौं पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–24/1912 2. आवेदक–प्रदीप किस्पोट्टा , पिता–स्व0 सुनील किस्पोट्टा<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–24/1913 2. आवेदक–विजय एक्का , पिता–लॉरेन्स एक्का<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–24/1914 2. आवेदक–अगाथा हेम्ब्रम , पति–रोनाल्ड एक्का<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें भौं पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–24/1915 2. आवेदक–शान्ति एक्का, पति–विजय एक्का<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–मुंह के बांयी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–24/1916 2. आवेदक–पुष्पा किस्पोट्टा, पति–प्रदीप किस्पोट्टा<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–24/1917 2. आवेदक–सान्दु उराँव , पिता–स्व0 ढेरे उराँव<br>3. ग्राम–चुन्द , पोस्ट–ब्राम्बे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–24/1918 2. आवेदक–एग्नेस एक्का, पिता–राफेल एक्का<br>3. ग्राम–बरगड़ी , पोस्ट–बरगड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–24/1919 2. आवेदक–लक्ष्मण भगत , पिता–नन्दु भगत<br>3. ग्राम–जाहेर , पोस्ट–बरगड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगुली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–24/1920 2. आवेदक–विक्रम उराँव, पिता–मघेया उराँव<br>3. ग्राम–जाहेर , पोस्ट–बरगड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–24/1921 2. आवेदक–रूँजा उराँव, पिता–लालू उराँव<br>3. ग्राम–जाहेर , पोस्ट–बरगड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के भौं पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–24/1922 2. आवेदक–राजु खलखो, पिता–स्व0 सघनु उराँव<br>3. ग्राम–सेवाडीह , पोस्ट–बरगड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के सामने कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–24/1923 2. आवेदक–सुसाना मिंज, पति–मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–कमाती , पोस्ट–ताला , थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–24/1924 2. आवेदक–ऐंची भगत , पति–राम किशुन भगत<br>3. ग्राम–महुआ टोली , पोस्ट–पतरातू, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–24/1925 2. आवेदक–सरस्वती भगत , पति–रामतीर्थ भगत<br>3. ग्राम–महुआ टोली , पोस्ट–पतरातू, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–24/1926 2. आवेदक–सावित्री देवी , पति–स्व0 बिम्बेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–महुआ टोली , पोस्ट–पतरातू, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–24/1927 2. आवेदक–बिरसा भगत , पिता–स्व0 मनिका भगत<br>3. ग्राम–महुआ टोली , पोस्ट–पतरातू, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बगल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–24/1928 2. आवेदक–चुन्दा उराँव , पिता–स्व0 भोला उराँव<br>3. ग्राम–करमटोली (बलसोकरा) , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–24/1929 2. आवेदक–लिबई उराँव , पिता–स्व0 माखे उराँव<br>3. ग्राम–करमटोली (बलसोकरा) , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–24/1930 2. आवेदक–महादेव उराँव , पिता–स्व0 लोधमा उराँव<br>3. ग्राम–करमटोली (बलसोकरा) , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–24/1931 2. आवेदक–गौरा उराँव , पिता–स्व0 मंगरू उराँव<br>3. ग्राम–करमटोली , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–24/1932 2. आवेदक–जयराम भगत , पिता–स्व0 बीगु भगत<br>3. ग्राम–बिड़रा , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कलाई में कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–24/1933 2. आवेदक–मंगल उराँव, पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–बिड़रा , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–24/1934 2. आवेदक–सुरेश उराँव, पिता–स्व0 डीबा उराँव<br>3. ग्राम–बिड़रा , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना मे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–24/1935 2. आवेदक–बरया उराँव , पति–चुन्दा उराँव<br>3. ग्राम–करमटोली (बलसोकरा) , पोस्ट–पन्डरी, थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–24/1936 2. आवेदक–सुनीला खलखो , पति–महावीर उराँव<br>3. ग्राम–चित्रकोटा (बड़काटोली) , पोस्ट–पाली, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–24/1937 2. आवेदक–दुर्गी देवी , पति–स्व0 शाहदेव उराँव<br>3. ग्राम–चित्रकोटा (बड़काटोली) , पोस्ट–चित्रकोटा, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बाँह में तिलक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–24/1938 2. आवेदक–लखिया देवी , पति–स्व0 भवानी खलखो<br>3. ग्राम–चित्रकोटा (बड़काटोली) , पोस्ट–चित्रकोटा, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–24/1939 2. आवेदक–रंगिया देवी , पति–महादेव उराँव<br>3. ग्राम–लहना , पोस्ट–काटू, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–24/1940 2. आवेदक–कमला देवी , पति–स्व0 अनिल कुमार टोप्पो<br>3. ग्राम–लहना , पोस्ट–काटू, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ मे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–24/1941 2. आवेदक–महादेव उराँव, पिता–स्व0 ठेरको उराँव<br>3. ग्राम–लहना , पोस्ट–काटू, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–24/1942 2. आवेदक–मदरा उराँव, पिता–स्व0 कैला उराँव<br>3. ग्राम–चित्रकोटा (बड़काटोली) , पोस्ट–चित्रकोटा, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–24/1943 2. आवेदक–पंचु उराँव, पिता–स्व0 सुन्दरा उराँव<br>3. ग्राम–चित्रकोटा (बड़काटोली) , पोस्ट–चित्रकोटा, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तर्जनी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–24/1944 2. आवेदक–श्याम उराँव , पिता–स्व0 झिरगा उराँव<br>3. ग्राम–चित्रकोटा (बड़काटोली) , पोस्ट–चित्रकोटा (पाली), थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–24/1993 2. आवेदक–बहादुर मलार , पिता–स्व0 बहुरन मलार<br>3. ग्राम–करगे,रंगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–24/1994 2. आवेदक–जोसेफ मिंज , पिता–स्व0 तोफेल मिंज<br>3. ग्राम–सोसई, पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–24/1995 2. आवेदक–नवीन तिर्की , पिता–अलबिनुस तिर्की<br>3. ग्राम–सोसई मरिया टोली, पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–24/1996 2. आवेदक–रोबिन कुजूर , पिता–स्व0 सुलेमान कुजूर<br>3. ग्राम–हेसामी मरिया टोली, पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–24/1997 2. आवेदक–निर्मल भगत , पिता–स्व0 पन्डरू भगत<br>3. ग्राम–केशकानो कुम्बा टोली, पोस्ट–बरगड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–24/1998 2. आवेदक–बिगा उराँव , पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–टटकुन्दो, पोस्ट–इटकी (ठाकुरगांव), थाना–ईटकी , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हथेली में जोनेया का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–24/1999 2. आवेदक–परबा तिर्की , पिता–बिगा तिर्की<br>3. ग्राम–टटकुन्दो, पतराटोली पोस्ट–इटकी (ठाकुरगांव), थाना–ईटकी , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–24/2000 2. आवेदक–बान्दो उराईन , पति–स्व0 बुदु उरांव<br>3. ग्राम–टटकुन्दो, पोस्ट–कोरम्बी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–24/2001 2. आवेदक–मंगा कच्छप , पिता–स्व0 जीता कच्छप<br>3. ग्राम–कोराम्बी, पोस्ट–कोराम्बी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–24/2002 2. आवेदक–चार्लेश किस्पोट्टा , पिता–स्व0 सिंघा किस्पोट्टा<br>3. ग्राम–कोराम्बी, पोस्ट–कोराम्बी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया घुटना के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341553 Home(24-25)#D

# मानवता के लिए सार्थक बने मानवाधिकार दिवस

मानवाधिकार दिवस



रमेश सर्राफ धमोरा

**सरकार भी मानवाधिकारो का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती है। मगर सरकारी स्तर पर शख्त कार्यवाही अमल में नहीं लायी जाती है। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2024 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 76वीं वर्षगांठ है। 2024 में मानवाधिकार दिवस की थीम असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है।



कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23,24,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं।

देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है।

इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।

पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मों-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं। इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीडन पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकार अधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं।

इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं।

मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाये गए और उनको लागू करने या करवाने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजी दस्तावेज बन कर रह गए हैं। समाज में मानवाधिकारों के होने वाले उल्लंघन के प्रति अगर मानव ही जागरूक नहीं है तो फिर इनका औचित्य क्या है? देखे तो पता चलेगा की कितने मानवाधिकारों का हनन मानव के द्वारा ही किया जा रहा है। मानव के द्वारा मानव के दर्द को पहचानने और महसूस करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है। अगर हमारे मन में मानवता है ही नहीं तो फिर हम साल में पचासों दिन ये मानवाधिकार का झंडा उठा कर घूमते रहें कुछ भी नहीं किया जा सकता है।

सरकार भी मानवाधिकारो का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती है। मगर सरकारी स्तर पर शख्त कार्यवाही अमल में नहीं लायी जाती है। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### असल पेच

भारत में कैथोलिक इसाइयों के शीर्ष संगठन ने ईसाई समुदाय को वक्फ विधेयक पर सैद्धांतिक रुख अपनाने को कहा है। कैथोलिक बिशप ऑफ इंड़िया ने ईसाई सांसदों की दिल्ली में बैठक बुलाई थी जिसमें विपक्षी दलों के तकरीबन बीस सांसदों ने हिस्सा लिया। हालांकि केंद्रीय मंत्री जार्ज कूरियन भी अंत में इसमें शरीक हुए। दशकों बाद संपन्न हुई बैठक का एजेंड़ा समुदाय और उसके अधिकारों का समर्थन और सुरक्षा करने में इसाई सांसदों की भूमिका, अल्पसंख्यकों खासकर इसाइयों के खिलाफ बढ़ते हमलों और खतरों की बात हुई। इसमें इसाई संस्थानों को निशाना बनाने के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम का दुरुपयोग भी शामिल था। जोर दिया गया कि ईसाई नेतृत्व को संविधान की रक्षा नहीं करने वालों को बाहर नहीं निकालने का निर्णय लेना चाहिए। बैठक में 2014 से सरकार के साथ चर्चों के संबंध को लेकर तीखी आलोचना की गई। भाजपा के दो अन्य ईसाई सांसदों के बैठक में शामिल न होने पर भी बात की गई। आम तौर पर भारत में रहने वाला ईसाई समुदाय विवादों से दूर रहता है। वे दुनिया भर में अंतरधार्मिक संवाद को लेकर विश्वव्यापी विचारों की आवश्यकता पर बल देते हैं। वर्ल्ड. काउंसिल ऑफ चर्चेस उप-इकाई द्वारा ईसाई-मुस्लिम संबंधों को लेकर दुनिया भर बैठकें करती है। उनके अनुसार ईसाई और मुसलमानों के दरम्यान निरंतर प्रासंगिकता बनी हुई है तथा एक-दूसरे के महत्त्व को जानने को रेखांकित करना है। दोनों ही धर्मों के आंतरिक संबंधों का जटिल इतिहास होने के बावजूद वक्फ जैसे मुद्दे पर अचानक इसाइयों का हस्तक्षेप मायने रखता है। केंद्र सरकार की नीतियां और बहुसंख्यकों के प्रति उसकी पक्षधरता किसी से छिपी नहीं हैं। दुनिया जानती है, मोदी सरकार अल्पसंख्यकों के प्रति पूर्वाग्रहों से भरा रवैया रखती है। हालांकि यह देश का आंतरिक मामला है। सरकार को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। खासकर इस वक्त जब वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्ति के बाद संयुक्त संसदीय समिति बनायी जा चुकी है। उसके निर्णय का इंतजार करना लाजिमी है। ध्यान देने वाली बात तो यह भी है कि 2025 को चर्च ईसा मसीह के जन्म जयंती वर्ष के तौर पर मना रहा है और रोम कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का भारत यात्रा पर आना लगभग तय है। इटली में हुए शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोप से मिले थे और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था। यह इसाइयों के लिए यादगार क्षण होगा।



## चिंतन-मनन

### चैतन्य रहें

एक बार दो देवताओं में विवाद हो गया कि भाग्य बड़ा है या पुरूषार्थ? विवाद हर व्यक्ति के मन में पैदा होता है, चाहे मनुष्य हो, चाहे देवता हो। निश्चित हुआ, परीक्षा करें। एक देवता ने कहा- देखो! भाग्य बड़ा नहीं होता, पुरूषार्थ बड़ा होता है। दूसरे ने कहा- नहीं! उस आदमी को देखो। तुम्हें साक्षात् प्रमाणित करूंगा कि पुरूषार्थ बड़ा नहीं होता, भाग्य बड़ा होता है।

पति-पत्नी जा रहे थे। देवता ने रास्ते के बीच रत्नों का ढेर लगा दिया। रत्न ही रत्न बिखेर दिए। जब आस-पास आए, पत्नी ने कहा- अभी तो हमारी आंखे अच्छी हैं, हम देख सकते हैं, हमें सब कुछ दिखाई देता है। कभी ऐसा भी हो सकता है कि बुढ़ापा आने के साथ-साथ हमारी आंखें चली जाएं, हम अन्धे हो जाएं। फिर काम कैसे चलेगा? पति ने कहा - परीक्षा कर लें। देखें, कैसे काम चलेगा? दोनों ने आंखों पर पट्टी बांध ली। दोनों चले। जहां रत्न बिखरे हुए पड़े थे, ढेर लगा था आस-पास में, उससे आगे निकल गए। कुछ आगे जाकर पति बोला- आंखो के बिना काम तो चल जाएगा, ऐसी कोई बात नहीं है। खोल लो पट्टी। पट्टी खोल ली। देवता ने कहा - देखा तुमने! भाग्य में नहीं था, कुछ नहीं मिला। भाग्य बड़ा है पुरूषार्थ से। भाग्य और पुरूषार्थ की चर्चा को हम छोड़ दें किन्तु इस बात को हम नहीं छोड़ेंगे कि जब तक आंख पर मूर्च्छा की पट्टी बंधी हुई है, तब तक हमारे आस-पास में, हमारे सामने, दाएं-बाएं, चारों तरफ जो सम्पदा बिखरी पड़ी है, उसका हमें कुछ भी पता नहीं चलता। हम उस सम्पदा से अनजान रह जाते हैं।

## रत्ती की वास्तविकता

रत्ती यह शब्द लगभग हर जगह सुनने को मिलता है। जैसे - रत्ती भर भी परवाह नहीं, रत्ती भर भी शर्म नहीं, रत्ती भर भी अक्ल नहीं...!!

आपने भी इस शब्द को बोला होगा, बहुत लोगों से सुना भी होगा। आज जानते हैं 'रत्ती' की वास्तविकता, यह आम बोलचाल में आया कैसे?

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि रत्ती एक प्रकार का पौधा होता है, जो प्रायः पहाड़ों पर पाया जाता है। इसके मटर जैसी फली में लाल-काले रंग के दाने (बीज) होते हैं, जिन्हें रत्ती कहा जाता है। प्राचीन काल में जब मापने का कोई सही पैमाना नहीं था तब सोना, जेवरात का वजन मापने के लिए इसी रत्ती के दाने का इस्तेमाल किया जाता था।

सबसे हैरानी की बात तो यह है कि इस फली की आयु कितनी भी क्यों न हो, लेकिन इसके अंदर स्थापित बीजों का वजन एक समान ही 121.5 मिलीग्राम (एक ग्राम का लगभग 8वां भाग) होता है।

तात्पर्य यह कि वजन में जरा सा एवं एक समान होने के विशिष्ट गुण की वजह से, कुछ मापने के लिए जैसे रत्ती प्रयोग में लाते हैं। उसी तरह किसी के जरा सा गुण, स्वभाव, कर्म मापने का एक स्थापित पैमाना बन गया यह ₹रत्ती₹ शब्द।

रत्ती भर मतलब जरा सा ।

अक्सर लोग दाल या सब्जी में ऊपर से नमक डालते रहते हैं । पुराने समय में माँग हुआ करती थी - - रत्ती भर नमक देना । रत्ती भर का मतलब जरा सा होता है।



अब रत्ती भर कोई नहीं बोलता । सभी जरा सा हीं बोलते हैं , लेकिन रत्ती भर पर आज भी मुहावरे प्रचलित हैं । 'रत्ती भर' का वाक्यों में प्रयोग के कुछ नमूने देखिए -

1)तुम्हें तो रत्ती भर भी शर्म नहीं है ।

2)रत्ती भर किया गया सत्कर्म एक मन पुण्य के बराबर होता है.

3) इस घर में हमारी रत्ती भर भी मूल्य नहीं है ।

कुछ लोग 'रत्ती भर' भी झूठ नहीं बोलते ।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि जिस रत्ती की बात यहाँ हो रही है , वह माप की एक ईकाई है । यह माप सुनार इस्तेमाल करते हैं । पुराने जमाने जो माप तौल पढ़े हैं , उनमें रत्ती का भी नाम शामिल है ।

विस्तृत वर्णन इस प्रकार है -

8 खसखस = 1 चावल,
8 चावल = 1 रत्ती
8 रत्ती = 1 माशा
4 माशा =1 टंक
12 माशा = 1 तोला
5 तोला= 1 छटाँक
16 छटाँक= 1 सेर
5 सेर= 1 पंसेरी
8 पंसेरी= एक मन

हाँलाकि उपरोक्त माप अब कालातीत हो गये हैं , पर आज भी रत्ती और तोला स्वर्णकारों के पास चल रहे हैं । 1 रत्ती का मतलब 0.125 ग्राम होता है । 11.66 ग्राम 1 तोले के बराबर होता है । आजकल एक तोला 10 ग्राम होता है ।

इन सभी माप में रत्ती अधिक प्रसिद्ध हुई, क्योंकि यह प्राकृतिक रुप से पायी जाती है। रत्ती को कृष्णला, और रक्तकाकचिंची के नाम से भी जानी जाता है। रत्ती का पौधा पहाड़ों में पाया जाता है । इसे स्थानीय भाषा में गुंजा कहते है ।

रत्ती के बीज लाल होते हैं , जिसका ऊपरी सिरा काला होता है । सफेद रंग के भी बीज होते हैं , जिनके ऊपरी सिरे भी काले होते हैं । यह बीज छोटा बड़ा नहीं होता , बल्कि एक माप व एक आकार का होता है । प्रत्येक बीज का वजन एकसमान होता है । इसे आप कुदरत का करिश्मा भी कह सकते हैं ।

रत्ती के इस प्राकृतिक गुण के कारण स्वर्णकार इसे माप के रुप में पहले इस्तेमाल करते थे , शायद आजकल भी करते होंगे ।

रत्ती का उपयोग पशुओं के घावों में उत्पन्न कीड़ों मारने के लिए किया जाता है । यह खुराक के रूप में प्रयोग किया जाता है। एक खुराक में अधिकतम दो बीज हीं दिए जाते हैं । दो खुराक दिए जाने पर घाव ठीक हो जाता है ।

रत्ती के बीज जहरीले होते हैं । इसलिए ये खाए नहीं जाते । इनकी माला बनाकर माएँ अपने बच्चों को पहनाती हैं । ऐसी मान्यता है कि इसकी माला बच्चों को बुरी नजरों से बचाती है ।

**प्रस्तुति : नीतेश कुमार**

## मुद्दा : खतरनाक होता बायोमेडिकल वेस्ट



डॉ. सत्यवान सौरभ

स्वास्थ्य सेवा गतिविधियां स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और उसे बहाल करती हैं तथा जीवन बचाती हैं, लेकिन उनके द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट और उप-उत्पादों के बारे में क्या? स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों द्वारा उत्पन्न कुल अपशिष्ट में से लगभग 85 फीसद सामान्य, गैर-खतरनाक अपशिष्ट है जो घरेलू अपशिष्ट के बराबर है। शेष 15 फीसद को खतरनाक सामग्री माना जाता है जो संक्रामक, रासायनिक या रेडियोधर्मी हो सकता है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उपाय ऐसे अपशिष्टों से होने वाले प्रतिकूल स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभावों को रोक सकते हैं, जिसमें रासायनिक या जैविक खतरों का अनपेक्षित उत्सर्जन शामिल है।




स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट और उप-उत्पादों से जुड़े प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों में तीक्ष्ण वस्तुओं से लगी चोटें भी शामिल हैं; स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के संचालन या भस्मीकरण के दौरान आस-पास के वातावरण में छोड़े जाने वाले दवा उत्पादों, विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स और साइटोटॉक्सिक दवाओं और पारा या डाइऑक्सिन जैसे पदार्थों के संपर्क में आना; कीटाणुशोधन, बंध्यीकरण या अपशिष्ट उपचार गतिविधियों के संदर्भ में उत्पन्न होने वाली रासायनिक जलन; चिकित्सा अपशिष्ट भस्मीकरण के दौरान कण पदार्थ के निकलने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाला वायु प्रदूषण; खुले में जलने और चिकित्सा अपशिष्ट भस्मक के संचालन के साथ होने वाली तापीय चोटें; विकिरण जलन; और दवा अपशिष्टों के असुरक्षित भंडारण, उपचार और निपटान के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का प्रसार। अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट सेवाओं के लिए कई कारण मौजूद हैं। इनमें सीमित कानूनी ढांचे (जैसे, नीतियां, विनियमन, दिशा-निर्देश), स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट से संबंधित स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता की कमी, उचित अपशिष्ट प्रबंधन में अपर्याप्त प्रशिक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और निपटान प्रणालियों की अनुपस्थिति, अपर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधन और कम प्राथमिकता शामिल हैं। कई देशों में या तो उचित नियम नहीं हैं या वे उनकी निगरानी और प्रवर्तन नहीं करते हैं। दुनिया भर में, हर साल अनुमानित 16 बिलियन इंजेक्शन लगाए जाते हैं। सभी सुई और सिरिंजों का सुरक्षित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है, जिससे चोट और संक्रमण का जोखिम और दोबारा इस्तेमाल के अवसर पैदा होते हैं। हाल के वर्षों में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दूषित सुई और सिरिंजों से इंजेक्शन लगाने में काफी कमी आई है, आंशिक रूप से इंजेक्शन उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल को कम करने के प्रयासों के कारण। इस प्रगति के बावजूद, असुरक्षित इंजेक्शन अभी भी 33, 800 नए एचआईवी संक्रमण, 1.7 मिलियन हेपेटाइटिस बी संक्रमण और 315, 000 हेपेटाइटिस-सी संक्रमण के लिए जिम्मेदार थे। अपशिष्ट निपटान स्थलों पर सफाई करने और स्वास्थ्य सुविधाओं से खतरनाक अपशिष्ट को संभालने और मैन्युअल रूप से छांटने के दौरान अतिरिक्त खतरे उत्पन्न होते हैं। ये प्रथाएं दुनिया के कई क्षेत्रों में आम हैं, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में। अपशिष्ट संचालकों को सुई चुभने की चोट लगने और विषैले या संक्रामक पदार्थों के संपर्क में आने का तत्काल जोखिम होता है।

स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट का उपचार और निपटान पर्यावरण में रोगजनकों और विषैले प्रदूषकों के निकलने के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। लैंडफिल में अनुपचारित स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के निपटान से पीने, सतह और भूजल का संदूषण हो सकता है, अगर उन लैंडफिल का निर्माण ठीक से नहीं किया गया है। स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों को कम से कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे उस अपशिष्ट की मात्रा में काफी कमी आएगी जिसे संभालने और उपचारित करने की आवश्यकता है। अपशिष्ट न्यूनीकरण क्रियाओं में हरित खरीद और ऐसे उत्पादों का चयन करना शामिल है जहां शिपिंग कम से कम हो और कम और पारिस्थितिक पैकेजिंग हो, सुरक्षित और व्यवहार्य होने पर पुनः प्रयोज्य उत्पादों पर स्विच करना, केवल प्रलेखित आवश्यकता के आधार पर फार्मास्यूटिकल्स का ऑर्डर देना/प्राप्त करना और प्लास्टिक, कागज और कार्डबोर्ड सहित सामान्य वस्तुओं का पुनर्चक्रण करना शामिल है। रासायनिक कीटाणुनाशकों के साथ स्वास्थ्य सेवा अपशिष्टों के उपचार के परिणामस्वरूप पर्यावरण में रासायनिक पदार्थ निकल सकते हैं यदि उन पदार्थों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से संभाला, संग्रहीत और निपटाया नहीं जाता है। सार्वभौमिक, दीर्घकालिक सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और समर्थन की आवश्यकता है, हालांकि स्थानीय स्तर पर तत्काल कार्रवाई की जा सकती है।

# कांग्रेस ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री स्व.केदार पांडेय की 111 वीं जयंती



**पटना(बिहार ब्यूरो)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.केदार पांडेय की 111वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि करके मनाई गई।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व.केदार पांडेय को कांग्रेस के आम कार्यकर्ता से प्रदेश अध्यक्ष तक के सफर को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताया।उन्होंने कहा कि प्रखंड कमिटी से प्रदेश अध्यक्ष और फिर बिहार के मुख्यमंत्री पद तक जाने वाले स्व.पांडेय कांग्रेस के निष्ठावान नेता रहें।स्व.केदार पांडेय को कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करने वाला सच्चा सिपाही बताया।उन्होंने शैक्षणिक सुधारों को लेकर कहा कि परीक्षा में नकल रोकने से लेकर शिक्षकों को उचित मानदेय देने का काम पूर्व मुख्यमंत्री स्व.केदार पांडेय ने किया।इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्व.केदार पांडेय की पुत्र वधु कांग्रेस नेता नूतन पांडेय और उनके पौत्र वाल्मीकिनगर लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी शाश्वत केदार पांडेय भी मौजूद रहें।पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रो.रामजतन सिन्हा,विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह,मीडिया चेयरमेन राजेश राठौड़ सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पटना एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा




**पटना(ब्यूरो बिहार)।** दिल्ली से शिलॉन्ग जाने वाली फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई है।मिली जानकारी के अनुसार बर्ड हिट के कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराया गया है।स्पाइस जेट की फ्लाइट संख्या एसजी 2950 दिल्ली से शिलांग की ओर जा रही थी।जिसमें 80 यात्री सवार थे।अचानक पायलट का विंडशील्ड टूट गया,जिसके बाद उसको पटना की ओर डायवर्ट कर दिया गया।फिलहाल पटना में इमरजेंसी लैंडिंग करा लिया गया है।सभी यात्री सुरक्षित हैं।ऐसा बताया जा रहा है कि पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला है।रिपोर्ट्स के मुताबिक,शिलॉन्ग जाने वाली इस फ्लाइट ने दिल्ली से सुबह 7.03 बजे उड़ान भरी थी।सुबह 10.02 बजे इसे शिलॉन्ग में लैंड करना था।लेकिन पायलट को अचानक विंडस्क्रीन में दरार दिख गई।जिस वक्त पायलट को दरार नजर आई,उस समय विमान पटना की ओर से गुजर रही थी।इसके बाद इस घटना की जानकारी पायलट ने ट्रैफिक कंट्रोल को दी।फिर पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी।इजाजत मिलने के बाद विमान को उतारा गया।फिलहाल सभी यात्री पटना एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे हैं।विमान के दुरुस्त होने के बाद इन्हें रवाना किया जाएगा।

# 24 घंटे के अंदर 51 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी: एसपी



**नवादा(बिहार)।** पुलिस अधीक्षक,नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि 08 दिसम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं,अनुसूचित जाति/जनजाति में 04,महिला उत्पीड़न में 04,हत्या के प्रयास में 03,मद्य निषेध में 04 एवं अन्य गिरफ्तारी 36 कुल 51 गिरफ्तारियां हुई।शराब की बरामदगी अन्तर्गत 300 लीटर महुआ शराब एवं 30.375 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।वाहन जांच के क्रम में कुल 29 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 44 हजार रूपया वसूला गया है।अन्य बरामदगी अन्तर्गत तसला 02 एवं मोटर साईकिल 02 बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक,नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है।अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## बिहार रेजीमेंट केंद्र द्वारा भूतपूर्व सैनिकों और उत्तराधिकारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आउटरीच कार्यक्रम

**दानापुर(पटना)।** बिहार एवं झारखंड सब एरिया के तत्वावधान में बिहार रेजीमेंट केंद्र और बिहार रेजीमेंट अभिलेख कार्यालय ने संयुक्त रूप से बिहार राज्य के भूतपूर्व सैनिकों,वीर नारियों और उनके उत्तराधिकारियों की समस्याओं के समाधान हेतु 11नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया।इस कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए बिहार रेजीमेंट अभिलेख कार्यालय ने 2 सदस्यों वाली 4 टीमों का गठन किया है।बताते चलें कि इन टीमों ने बिहार के 9 जिलों दानापुर(पटना), मुजफ्फरपुर,मोतिहारी,वैशाली,समस्तीपुर, छपरा,सिवान,बक्सर और आरा में कैंप लगाकर समस्याओं का निवारण किया।इस कार्यक्रम को आगे बढाते हुए 7 दिसंबर 2024 तक ईसीएचएस पोलीक्लीनिक दानापुर कैंट में भूतपूर्व सैनिकों,वीर नारियों और उत्तराधिकारियों की समस्याओं का निवारण किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान कुल 3046 भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों/उत्तराधिकारियों को पेंशन संबंधित समस्याओं एवं निदान की जानकारी दी गईढ्ढइस दौरान 1086 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें 688 शिकायतो का मौके पर ही समाधान किया गया,जबकि शेष 398 शिकायतों को संबंधित कार्यालयों को प्रेषित किया गया।यह पहल पेंशनभोगियों के लिए राहतकारी साबित हुई है और उनकी समस्याओं को त्वरित और प्रभावी ढंग से सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** सोमवार को मुख्यमंत्री-सह-कुलाधिपति,बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय नीतीश कुमार ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।समारोह में मुख्यमंत्री ने अभियंत्रण परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को डिग्री,मेडल एवं लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गयी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गयी।मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन किया।मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ.प्रतिमा ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।कार्यक्रम के अंत में सम्मानित होनेवाले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई।मुख्यमंत्री ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।ज्ञातव्य है कि बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना करायी गयी है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके।इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है।विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना,उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप अभियंत्रण महाविद्यालय को पूर्ण रूप से आवासीय बनाया जा रहा है जहां छात्रावास एवं शिक्षकों के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है।अभियंत्रण महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं विभिन्न प्रकार की नयी-नयी तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद,योग प्रशिक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जा रहा है।सरकार के इन सकारात्मक प्रयासों का असर छात्रों के नियोजन पर पड़ा है।बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का नियोजन अच्छे-अच्छे संस्थानों में हो रही है।बताते चलें कि इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा,जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विज्ञान,प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ.एस.सिद्धार्थ,विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव



डॉ.प्रतिमा,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि,मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह,बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरेश कांत वर्मा सहित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षकगण/कर्मचारीगण,छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

# गिरिराज सिंह ने सोनिया गांधी को बताया देशद्रोही,बोले-ये टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को देशद्रोही बताया है।उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी देशद्रोह का काम करते हैं।ये लोग जॉर्ज सोरोस जैसे भारत विरोधी लोगों के संपर्क में हैं।उनसे फंडिंग कराते हैं।गिरिराज सिंह ने कहा कि ये टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग देश को तोड़ने पर लगे हुए हैं।जॉर्ज सोरोस की भाषा राहुल गांधी भारत में बोलते हैं।राहुल गांधी की भाषा वहां सोरोस बोलते हैं।इस पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए।दरअसल,भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे,जिस पर मंत्री गिरिराज सिंह ने भी सोनिया गांधी और



राहुल गांधी पर हमला बोला है।भाजपा की ओर से दावा किया गया है कि सोनिया गांधी ऐसे संगठन से जुड़ी हैं,जो कश्मीर को अलग करने की वकालत करता है।इसके साथ ही कहा गया कि इस संगठन को जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन की ओर फंडिंग मिलती है।भाजपा ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि इस संगठन का नाम फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पेसिफिक है।सोनिया गांधी इस संगठन की सह अध्यक्ष हैं।यह संबंध भारत के आंतरिक मामलों में विदेश प्रभाव को दर्शाता है।अपने पोस्ट में भाजपा ने दावा किया है कि सोनिया गांधी के राजीव गांधी फाउंडेशन ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ साझेदारी को भी बढ़ावा दिया।इससे भारतीय संगठनों पर विदेश धन का प्रभाव प्रदर्शित होता है।वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की तरफ से केंद्र की मोदी सरकार पर अडानी को बचाने का आरोप लगाया जा रहा है।मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग भी की जा रही है।इस बीच,केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है,भारत में राहुल गांधी जॉर्ज सोरोस की भाषा बोलते हैं और बाहर जॉर्ज सोरोस राहुल गांधी की भाषा बोलता हैं।इतना घनिष्ठ प्रेम?राहुल गांधी को हारता देख ये तो खुल के सामने आ गया।

# खान एवं भूतत्व विभाग ने नवंबर माह 2024 में खनिजों से किया 30985.30 लाख का राजस्व समाहरण

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** खनिजों से राजस्व समाहरण में खान एवं भूतत्व विभाग ने वित्त विभाग द्वारा नवंबर माह 2024 के निर्धारित लक्ष्य(रू.17500.23 लाख)से रू.13,485.07 लाख अधिक समाहरण करते हुए ?30985.30 लाख का समाहरण किया।विभाग ने वित्त वर्ष 2023-24 में नवंबर 2023 तक रू.109672.79 लाख समाहरण के मुकाबले वित्त वर्ष 2024-25 में नवंबर 2024 तक कुल रू.171810.34 लाख का राजस्व समाहरण किया है, जिसका लक्ष्य रू.105000.17 लाख रखा गया था।विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक लक्ष्य(रू.350004.55 लाख)का 49.08 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है।नवंबर माह 2024 में खनिजों से राजस्व समाहरण के मामले में पटना अंचल टॉप पर रहा जहां रू.18674.87 लाख का समाहरण किया गया। इसके बाद क्रमशः मगध अंचल(कुल रू.6407.24 लाख),मुंगेर अंचल(कुल ?1530.41 लाख),तिरहूत अंचल(कुल रू.1463.15 लाख),दरभंगा(कुल रू.774.75 लाख),पूर्णिया अंचल(कुल रू.753.53 लाख),सारण अंचल(कुल रू.542.09 लाख),कोशी अंचल(कुल रू.428.24)और भागलपुर अंचल(कुल रू.411.02 लाख)रहे।वित्त वर्ष 2024-25 में नवंबर 2024 तक खनिजों से सर्वाधिक राजस्व समाहरण के साथ पटना अंचल टॉप पर रहा जहां रू.86946.47 लाख का समाहरण किया गया।इसके बाद क्रमशःमगध अंचल(कुल रू.35825.37 लाख),मुंगेर अंचल(कुल रू.17508.60 लाख),तिरहूत अंचल(कुल रू.8215.15 लाख),पूर्णिया अंचल(कुल ?5606.79 लाख),भागलपुर अंचल (कुल रू.4917.61लाख),दरभंगा(कुल रू.4780.66 लाख),सारण अंचल(कुल रू.4227.33 लाख)और कोशी अंचल(कुल रू.3782.36 लाख)रहे।

# लोक अदालत के प्रति जागरूकता के लिए रथ रवाना

**नवादा(बिहार)।** आगामी 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नवादा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकार,आशुतोष कुमार झा ने आज जागरूकता रथ को न्यायालय नवादा परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकार,कुमारी सरोज कीर्ति द्वारा बताया गया कि यह जागरूकता रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करेगा।उन्होंने बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है।जिसमें सुलह के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को 10:00 बजे पूर्वा0 से व्यवहार न्यायालय नवादा परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में वनवाद, खननवाद,मापतौल,श्रमवाद ग्राम कचहरी एवं अन्य सुलहनीय योग्य लंबित वादों का निष्पादन किया जायेगा।इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकार,आशुतोष कुमार झा,सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकार,नवादा कुमारी सरोज




कीर्ति,एडीजे वन,टू,थ्री,फोर,सिक्स एवं टेन,एवं लोक अदालत के सुशील कुमार,कुणाल कुमार,अभिजित कुमार एवं दिवाकर कुमार के साथ-साथ अन्य न्यायिक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# अब पुस्तक मेला में खरीद सकते हैं कैथी लिपि की पुस्तिका

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** अगर आप कैथी लिपि की जानकारी रखने में इच्छुक हैं तो इससे संबंधित पुस्तिका पटना पुस्तक मेला में लगे राजस्व विभाग के स्टॉल से खरीद सकते हैं।विभाग द्वारा हाल हीं में इसका विमोचन किया गया है।दरअसल राज्य में कई पुराने खातियान एवं अन्य दस्तावेज कैथी लिपि में हैं,जिन्हें समझने में आमलोगों के साथ-साथ विशेष सर्वेक्षण में लगे कर्मियों को भी होती थी।5 दिसंबर को इसके विमोचन के साथ हीं विभाग द्वारा इसे अधिकारिक रूप से वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था।नागरिक इस वेबसाइट पर जाकर इसे निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।मेला में स्टॉल पर आने वाले लोगों के द्वारा लगातार इस पुस्तिका की मांग की जा रही थी। आमलोगों की मांग को देखते हुये विभाग द्वारा इस पुस्तिका को अब पटना पुस्तक मेला में लगे राजस्व विभाग के स्टॉल पर उपलब्ध करवा दिया गया है।इसका प्रकाशन भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा किया गया है।इच्छुक व्यक्ति इसे मात्र 50 रुपये की नगद राशि देकर खरीद सकते हैं।सोमवार को इस पुस्तिका को राज्य के लगभग 150 रैयतों ने खरीदा।ज्ञात हो कि पिछले गुरुवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा कैथी लिपि पर लिखी गई इस पुस्तिका का अनावरण किया था।बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों में कैथी की विविध क्षेत्रीय शैलियां प्रचलित हैं।जो मुख्यतःतिरहुत,मगध और भोजपुर क्षेत्र की कैथी है।भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक श्रीमति जे.प्रियदर्शिनी ने इस पुस्तिका की विशेष जानकारी देते हुए बताया कि कुछ जिलों के पुराने खतियान कैथी लिपि में हैं।सर्वे कर्मियों सहित आमलोगों को भी इसे समझने में परेशानी होती थी।वेबसाइट पर यह निःशुल्क डाउनलोड के लिये उपलब्ध है पर जनता की मांग को देखते हुये निदेशालय द्वारा इसे प्रिंट करवाकर एक पुस्तक के रूप में आमलोगों को एक मामूली शुल्क पर उपलब्ध करवाया गया है।इससे सर्वे संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आयेगी।विभाग द्वारा उठाए गए इस कदम से राज्य के सभी वैसे रैयत लाभान्वित होंगे जिनके पास भू-स्वामित्व से संबंधित पुराने दस्तावेज कैथी लिपि में लिखे हुए हैं और उसके आधार पर ही उनकी भूमि के स्वामित्व का निर्धारण वर्तमान सर्वे की प्रक्रिया में किया जाना है।

# हर घर नल का जल निश्चय : 1.16 लाख से अधिक योजनाओं का निरीक्षण,14,559 असंतोषजनक योजनाओं की मरम्मत पूरी



पटना( बिहार ब्यूरो) ।हर घर नल का जल पेयजल आपूर्ति निश्चय योजना के अंतर्गत बंद या असंतोषजनक योजनाओं को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा चिन्हित कर,मरम्मति का कार्य कराया जा रहा है ।सूबे के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा पेयजल मोबाइल एप के माध्यम से अब तक 1,16,000 से अधिक योजनाओं की जांच करवाई गई है,जिसमें असंतोषजनक पायी गयी योजनाओं में से 14,000 से अधिक की मरम्मति कारवाई जा चुकी है ।मंत्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि शेष असंतोषजनक पायी गयी योजनाओं की मरम्मति शीघ्रता से की जा रही है,सरकार प्रत्येक घर को निरंतर और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित एवं संचालित 52,250 से अधिक योजनाओं का पेयजल मोबाइल एप के माध्यम से निरीक्षण किया जा चुका है,जिसमें कुल 2,088 योजनाओं की मरम्मति कारवाई गई,मरम्मति के उपरांत अब लगभग 95त्न योजना पूर्ण रूप से कार्यरत है ।इसी प्रकार पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित योजनाओं में 68,000 से अधिक योजनाओं का निरीक्षण किया गया,जिसमें कुल 12,471 असंतोषजनक पायी गयी ।योजनाओं के मरम्मति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ।शेष बची असंतोषजनक या बंद योजनाओं का कार्य त्वरित गति से कराया जा रहा है ।विदित हो कि हर घर नल का जल अंतर्गत जलापूर्ति योजनाओं के निरीक्षण के लिए दिनांक- 20–21 नवंबर 2024 को राज्य व्यापी अभियान चलाया गया था,जिसमें विभाग द्वारा विकसित पेयजल मोबाइल एप के माध्यम से जिला के पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा 1,00,000 से अधिक योजनाओं का सर्वेक्षण किया गया था ।अभियान में बंद या असंतोषजनक पायी गयी योजनाओं को जल्द से जल्द कार्यरत बनाया जाना है,जिसके लिए विभाग क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जा रही कार्रवाई रिपोर्ट के माध्यम से योजनाओं की मरम्मति का सतत् अनुश्रवण दैनिक आधार पर कर रहा है ।साथ ही जलापूर्ति योजनाओं के सफल कार्यान्वयन हेतु विभाग ने हाल ही में स्वच्छ नीर एप्प भी लांच किया है,जिसके माध्यम से आम नागरिक अब जलापूर्ति योजना संबंधित शिकायत घर बैठ–बैठे इस एप्प के माध्यम से कर सकेंगे ।विभाग द्वारा निश्चित समय– सीमा में इन शिकायतों का निवारण किया जाएगा । विदित हो कि विभाग द्वारा पूर्व से ही फोन या व्हट्सएप्प के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था स्थापित है ।

# हर जरुरतमंद को रक्त प्रदान करने की हो रही कोशिश: मंगल पांडेय

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में रक्त की जरुरत होने पर अब परेशान होने की जरुरत नहीं है।राज्य में संचालित सभी सरकारी और गैर सरकारी 126 रक्त केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्धता की कोशिश की जा रही है जहां जरुरतमंदों को उनकी जरुरत के हिसाब से रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है।इसके अलावे रक्त की जरुरत पड़ने पर आम जन राज्य सरकार के हेल्प लाइन नंबर 104 पर भी संपर्क कर सकते हैं।संपर्क करने पर उन्हें तत्काल रक्त उपलब्ध कराया जाएगा।राज्य में रक्त केंद्रों में रक्त केन्द्रों एवं रक्त उपलब्धता के विषय में ई-रक्त कोष मोबाईल एप्प से भी जानकारी ली जा सकती है।श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लड बैंकों की कमी के संकट को भी दूर करने का प्रयास किया गया है।इसके लिए इस वर्ष 21सितंबर के बाद अब तक रक्त संग्रह इकाईयों की संख्या 6 से बढ़कर 64 की गयी है।इस बढोत्तरी का फायदा अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अनुमंडल अस्पतालों में राज्य के लोगों को मिलना भी शुरु हो गया है।वहीं,आनवाले दिनों में अन्य जगहों पर भी रक्त संग्रह इकाईयों के स्थापन की प्रक्रिया जारी है।इन इकाईयों से मरीजों को संकट के समय रक्त उपलब्ध कराए जा रहे हैं।साथ ही जरुरत के हिसाब से जिला अस्पतालों में भी इन इकाईयों से रक्त आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी रक्त केंद्रों पर थैलेसिमिया, हेमोफिलिया, सिकिलएनिमिया,ब्लड कैंसर और एचआईवी के मरीजों को उनके जरुरत के हिसाब से निःशुल्क रक्त भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।इसके अलावा राज्य के 48 स्थानों में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन लगाए गए हैं,जहां से मरीजों को विभिन्न प्रकार के रक्त उत्पाद की आपूर्ति की जा रही है।महामारी या आपदा के समय इस रक्त केंद्रों की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो जाती है।सूबे में रक्त संग्रहण,परीक्षण और भंडारण में आनेवाली चुनौतियों के दूर करने और इस प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं,जहां तकनीकी रुप से पूर्ण प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।श्री पांडेय ने कहा कि रक्त की प्रचुर मात्रा और समय पर उपलब्धता के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरुकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जाने वाले ब्लड डोनेशन कैम्प से रक्त संग्रहित कर उन्हें रक्त केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 7 ब्लड ट्रांसफ्यूजन वैन भी कार्य कर रहे है।सुरक्षित रक्त दान की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए पटना के आइजीआइएमएस,गया स्थित एएनएमसीएच सहित 5 स्थानों पर मोबाइल ऐच्छिक रक्त दान बस भी कार्य कर रहे हैं।राज्य के सभी सरकारी



रक्त केंद्रों पर जरुरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को भी काफी सरल बनाया गया है ताकि जरुरतमंदों को आवश्यकता होने पर तत्काल रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

# विभावि राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित हुई व्याख्यान माला



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - शिक्षा का उद्देश्य हृदय को जागृत करना होना चाहिए। हृदय जागृत होगी तो मानवीय मूल्य विकसित होंगे। इससे दया, प्रेम और करुणा जागेगी। इस अवस्था को जिसने प्राप्त कर लिया उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उक्त बातें रांची विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर प्रकाश सहाय ने सोमवार को कहीं। वह कलाभवन के राजनीति विज्ञान विभाग मे व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की। वह विद्यार्थियों को किसी भी विषय को देखने के लिए मौलिक दृष्टिकोण अपनाने की बात बता रहे थे। जो सब कह रहे हैं उसी को तोता के जैसा कहते नहीं रहना है। किसी को खुश करने के लिए या किसी राजनीतिक लाभ के लिए किसी गलत बात को रटते नहीं रहना है। इससे अपना पतन होगा। उदाहरण स्वरूप उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार का सामान्य अर्थ आर्थिक भ्रष्टाचार तक सीमित हो गया है। लेकिन सामाजिक और सांस्कृतिक भ्रष्टाचार और भी खतरनाक है। परिवारों का टूटना और वृद्धाश्रमों की स्थापना का उन्होंने इस संबंध में जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह समझना है कि महंगाई बढ़ी है या हमारे में बाजारवाद बढ़ा है? प्रोफेसर सहाय ने कहा कि आज सब को संगीत और साहित्य की शिक्षा देनी चाहिए। इसके बिना कोई भी शिक्षा अधूरी है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में आकर्षण भी बढ़ेगा।

# विधायक रौशनलाल चौधरी ने ली शपथ

**बड़कागांव** - बड़कागाँव विधानसभा विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। इस दौरान उन्होंने सदन में घुसने के पूर्व भगवान बिरसा मुंडा और विधानसभा भवन को नमन किया। शपथ लेने के पश्चात उन्होंने कहा कि बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र की विकास के लिए मेरी प्रतिबद्धता है । झारखंड विधानसभा के मंदिर पर पहुंचाने का अवसर प्रदान करने के लिए बड़कागांव विधानसभा के सभी देवतुल्य जनता का आभार प्रकट करता हूं । यह पल मेरे लिए गर्व,ऐतिहासिक,स्मरणीय और कृतज्ञता से भरा हुआ है, मैं आपका सेवक था - हूं और हमेशा रहूंगा।

# भराजो पंचायत भवन में समन्वय समिति की बैठक




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

टाटीझरिया - टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में समन्वय समिति की बैठक मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से,पंचायत सेवक,रोजगार सेवक, आंगनबाडी सेविका,एएन एम,विद्यालय के शिक्षक,पंसस,वार्ड सदस्य,जलसहिया,प्रदान संस्था सदस्य समेत अन्य उपस्थित था। उपस्थित सभी सदस्यों को विकास के बारे में प्रदान संस्था के नितेश यादव ने बारिकी से बताया। मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कही कि आपसी समन्वय से ही पंचायत का विकास संभव है। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद,रोजगार सेवक अरूण रवि,पंसस प्रतिनिधि प्रकाश रवि, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार, कृष्णा कुमार, रघुनंदन प्रसाद, दीपक दास,नागेश्वर प्रजापति, सरयु ठाकुर,राजेश राम,गीता देवी,आंगनबाडी सेविका अनिता देवी,अजिता देवी,गायत्री देवी,चिंता देवी,रेखा देवी,रामनारायण कुशवाहा समेत अन्य उपस्थित था।

# विधायक रोशनलाल चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बुके देकर किया मुलाकात

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

बड़कागांव - बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी शपथ लेने के बाद उड़ीसा के राज्यपाल , झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात किया। बुके देकर अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड की राजनीति और बड़कागांव के विकाश के जन मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुआ। रोशनलाल ने कहा बड़कगांव विधानसभा क्षेत्र के सेवक के रूप में मेरा यही प्रयास रहेगा की क्षेत्र और क्षेत्र की जनता विकाश की एक नयी गाथा लिखे । मौके पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित थे।



# ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का किया गया आयोजन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - ज्ञान ज्योति मेमोरियल महाविद्यालय, हजारीबाग में स्नातक के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार और प्राचार्य शंभू कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हजारीबाग जैसे शहर में एक साथ शिक्षा के साथ-साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रम का भी शिक्षा प्रदान की जाती है। हमेशा हमारे ऊर्जावान शिक्षकों का मार्गदर्शन रहता हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा हमारी संस्थान तात्पर्य है केवल आपका सहयोग की अपेक्षा संस्थान को है। इस कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अमित रंजन ने किया।

# संस्कार भारती हजारीबाग इकाई की कला उत्सव 2024 सम्पन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

हज़ारीबाग़ - कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की हजारीबाग इकाई की कला उत्सव 2024 बहुत ही हर्षोल्लास के साथ स्थानीय एमपी थिएटर मे संपन्न हुए। आयोजन की शुरुआत प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास वर्मा,विभाग प्रमुख प्रो0 शंकर चंद्र पाठक,जिलाध्यक्ष कुमार केशव, जिला महामंत्री विनीत जैन उर्फ लक्की , जिला उपाध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती एवं श्री नटराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात शोभा सिन्हा एवं उनके साथियों द्वारा ध्येय गीत एवं सरस्वती वंदना के द्वारा आयोजन की विधिवत शुरुआत की गयी। स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष कुमार केशव तथा विषय प्रवेश महामंत्री विनीत जैन द्वारा किया गया। बताते चलें कि कला उत्सव के माध्यम




से संस्कार भारती हजारीबाग इकाई ने एक चित्रकला, रंगोली, गायन, नृत्य, कविता आदि कि प्रतियोगिता रखी थी। जिसमें चयनित सर्वोत्तम कला साधक को रांची मे प्रांतीय कला साधक संगम जो 28-29 दिसम्बर को प्रस्तावित है, उसमे अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाएगा। अनेक लोगों ने अपनी चित्रकला,रंगोली प्रदर्शन आयोजन स्थल पर किया। कविता पाठ में खुशबु कुमारी,हिमांशु कुमार, सुधा कुमारी तथा अनंत ज्ञान ने अपनी कविता के माध्यम से सामजिक जीवन के हालात पर अपनी बात रखी,चित्रकला मे आशीष कुमार, रिंकी कुमारी,सुचित कुमार,सुप्रभ रानी, रश्मि झा, छाया कुमारी दास,आदित्य प्रताप सिंह, सुधा कुमारी,छोटी कुमारी,प्रीत राज,वर्षा रानी,आंशिका प्रिया आदि ने पुराणिक,सोहराय कला, मधुबनी, ऐतिहासिक पात्रों के चित्र द्वारा सभी को झारखंड की सभ्यता संस्कृति का अवलोकन कराया,पिंकी कुमारी,छाया कुमारी दास,प्रीत राज,शालिनी कुमारी ने रंगोली के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा एवं भारतीय संस्कृति के महत्व को सुन्दर तरीके से दिखाया है।

# निशुल्क स्त्री रोग एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

हजारीबाग - एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए एक निःशुल्क स्त्री रोग एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया, इस शिविर में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बीपी, शुगर और पल्स की जांच भी पूरी तरह से निशुल्क की गई। इस आयोजन में 45 से अधिक महिलाएं और 30 से अधिक शिशु स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे।



**विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं:** शिविर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा भंगरा , डॉ. कुमारी ऐश्वर्या और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल ने मरीजों का समर्पण और संवेदनशीलता के साथ इलाज किया। सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सेवाओं को हर वर्ग के लिए सुलभ और सहज बनाने पर बल दिया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हमारे अस्पताल का उद्देश्य सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना भी है। यह शिविर हमारे समाज के हर वर्ग को यह संदेश देने का प्रयास है कि एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। भविष्य में हम और भी व्यापक स्तर पर इस प्रकार के शिविर आयोजित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। साथ ही कहा की पिछले 8 वर्षों से एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल जनता जनार्दन की सेवा में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। हमारा उद्देश्य सिर्फ बीमारियों का इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाना है। यह हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार है। यही विश्वास हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। आने वाले समय में हम अपनी सेवाओं को और विस्तारित करेंगे, ताकि हर जरूरतमंद तक हमारा सहयोग पहुंचे और हर जीवन मुस्कुरा सके। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने इस आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की सोमवार को आयोजित शिविर यह दिखाता है कि जब सेवा भाव और चिकित्सा का मेल होता है, तो समाज में सकारात्मक बदलाव आना निश्चित है। एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल जनता की सेवा के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा। हमारा उद्देश्य हर जरूरतमंद तक सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। साथ ही कहा की पिछले 8 वर्षों की यह यात्रा अस्पताल की टीम के मेहनत, जनता के विश्वास और सेवा के प्रति हमारे समर्पण का परिणाम है। हमारा उद्देश्य हर मरीज को न केवल बेहतर इलाज देना है, बल्कि उन्हें यह विश्वास दिलाना है कि वे एक भरोसेमंद हाथों में हैं। भविष्य में, हम और अधिक सेवाओं और शिविरों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते रहेंगे।

# बैंगलोर से आए विशेषज्ञ ने प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता


टाटीझरिया - प्रखंड क्षेत्र में लगातार 40 वर्षों से जंगली हाथियों का आतंक है। हाथियों के समूह द्वारा फसल ,घर और जीव - जंतुओं की लगातार हानि हुई है। कई लोग हाथियों द्वारा कुचल कर मारे गए हैं। जब भी हाथियों के झुंड क्षेत्र में आते हैं तो प्रखंड के ग्रामीण दहशत के साए में जीने को विवश होते हैं। लोग रतजग्गा कर स्वयं सुरक्षा के उपाय ढूंढते हैं। यही कारण है कि पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी सत्येंद्र तिवारी के निर्देशानुसार जंगली हाथियों से प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में हाथियों से फसलों और जीव - जंतुओं की सुरक्षा के उपाय बताए गए। बैंगलोर से आये हाथियों से संरक्षण के विशेषज्ञ डॉ. रुद्रादित्य के द्वारा बेडमक्का और झरपो में ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने व्यावहारिक रूप से ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि गांव के बाहरी सिमाने में टीन में गोइठा (गोबर के उपले) जलाकर उसमें सूखे मिर्ची डालकर छोड़ देंगे । जब उससे धुंआ निकलेगा तो मिर्ची का गंध हवा में फैलेगा और हाथी मिर्ची के गंध से दूर भागेंगे। उसी प्रकार मशाल बनाकर भी हाथियों से अपनी और अपने फसलों की सुरक्षा करने की बात कही। बताया कि सुतरी के बोरे को जले मोबिल से भिंगाकर लंबे लकड़ी अथवा बांस में सूखे मिर्ची डालकर लपेट देना है और जब हाथी आने की सूचना मिले तो उसे जला देना है। इससे मिर्ची के प्रभाव के कारण हाथी दूर भागेगा और सबकी रक्षा होगी। कार्यक्रम में प्रभारी वनपाल विद्या भूषण केशरी, वनरक्षी गोपी पासवान, सुजीत टोप्पो, क्यू आर टी के आलोक धान, राजू धान, राजू उरांव, अनिश टोप्पो, सावन तिग्गा, राजेंद्र उरांव उपस्थित थे ।



# हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने ली शपथ, क्षेत्र के विकास के लिए दी प्रतिबद्धता

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

हज़ारीबाग़ - विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण विधानसभा के प्रथम सत्र के शुरुआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग विधानसभा के विधायकों ने शपथ लिया। जिसके बाद 25 हजारीबाग से विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में शपथ ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतने वाले प्रदीप प्रसाद ने ईश्वर की शपथ लेता हूं .. के साथ शपथ ली और क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान प्रदीप प्रसाद अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता के साथ नजर आए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हजारीबाग की जनता ने मुझे जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं। मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और हजारीबाग को विकास का मॉडल बनाना है। मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और हजारीबाग में औद्योगिक विकास को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल



# हत्यारों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अविलम्ब हो - सुनील साहू

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

हज़ारीबाग़ - राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग के जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव की उपस्थिति रही। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आए दिन तेली समाज के लोगों की हत्याएं लगातार हो रही है।

तेली समाज के लोगों की हत्या पर सभी राजनीतिक पार्टी चुप्पी साधे रहती है। किसी के भी द्वारा कोई आवाज नहीं उठाई जाती , इसीलिए हम सभी को एकजुट और जागरुक होना अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इन हत्याओं को लेकर हेमंत सरकार को भी संज्ञान लेनी चाहिए। प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव ने कहा कि मृतक उदय साहू सर्व समाज के गरीबों , शोषितों , वंचितों , मजदूरों , विस्थापितों , किसानों के बीच लोकप्रिय थे। जिनका जीवन काल गरीबों के उत्थान के लिए संघर्ष में गुजर रहा था ।

ऐसे व्यक्ति को खुलेआम गोली मारकर हत्या कर करना समझ से परे है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव ने कहा कि इस हत्याकांड में धनबल और माफियाओं की संलिप्तता समझ आती है। जिला प्रशासन को हत्यारों की गिरफ्तारी अविलम्ब करते हुए मृतक परिवार को एक सरकारी नौकरी एवं 50 लाख रुपया मुआवजा देना ही होगा अन्यथा महासंगठन उग्र आंदोलन भी करने पर बाध्य हो जाएगी।




# किसानों को किया गया बीज वितरण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

इचाक - प्रखंड मुख्यालय में आत्मा विभाग के द्वारा चना बीज को किसानों के बीच वितरण किया गया । वितरण उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता ,20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम एवं बीडीओ संतोष कुमार ने किसानों को बीज वितरण किया गया । उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता ने कहा कि किसानों को समय पर सरकार के द्वारा बीज उपलब्ध किया गया है, जिससे किसानों को समय पर बीज मिल रहा है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास , बीईओ विनोद कुमार रवि , बीटीएम पुष्पा कुमारी ,किसान मित्र अशोक मेहता, नंदकिशोर मेहता रामजय मेहता अनिल मेहता ,प्रेम मेहता, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार,दिपक मेहता, शंकर कुमार, सुखदेव मेहता, मुंद्रिका मेहता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।




# रोजगार और विकास ही हेमन्त सरकार की है पहली प्राथमिकता - सुदिव्य कुमार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

हज़ारीबाग़ - झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक 8 दिसम्बर को स्थानीय परिसदन भवन हज़ारीबाग में आयोजित की गई। जिसमें झारखण्ड के सभी जिला से नियुक्त प्रदेश स्तरीय कोर कमेटि के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित हुए। सभी कोर कमेटी के सदस्यों ने बुके देकर और माला पहनाकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का राज्यस्तरीय अभिनन्दन समारोह का आयोजन राँची में किया जायेगा, जिसमें पूरे झारखण्ड से विश्वकर्मा समाज के लोग हज़ारों की संख्या में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुझ पर भरोसा करके मंत्री पद की जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा। आनेवाले दिनों में झारखण्ड की तस्वीर बदलेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड की राजधानी राँची में विश्वकर्मा समाज के द्वारा जनवरी महीने में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का भव्य रूप से अभिनन्दन किया जायेगा। इस अभिनन्दन समारोह में पुरे झारखण्ड के सभी जिला से हज़ारों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे। इस प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में कई विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल हुए।



# भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : उपायुक्त

## जनता दरबार लगाकर दाखिल-खारिज के मामलों का करें निष्पादन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को सभी अंचलाधिकारियों (सीओ) के साथ बैठक किया। बैठक में अंचल अधिकारियों के कार्यालय में लंबित भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रत्येक सप्ताह के सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों के दाखिल - खारिज (म्यूटेशन) संबंधित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा अपने-अपने पंचायत में शिविर लगाकर लोगों के जमीन संबंधित मामलों के निष्पादन का अंचल अधिकारियों को कहा।



बैठक में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभाष द्वत्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# 52 किलो गांजा के साथ बंदियो से दो युवक गिरफ्तार, आरोपियों को भेजा जेल

**चन्द्रपुरा :** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के बंदियो पंचायत के मुस्लिम टोला निवासी मोहम्मद मेहताब आलम, मोहम्मद मेराज आलम के घर से चंद्रपुरा पुलिस ने 52 किलो गांजा बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर डीएसपी बेरमो, पुलिस निरीक्षक बेरमो एवं चंद्रपुरा थाना पुलिस की टीम गठित कर आठ दिसंबर को बंदियों गांव के मुस्लिम टोला निवासी मोहम्मद मेहताब आलम के घर पर संयुक्त रूप से छापामारी कर मेहताब आलम के घर से पीला रंग का धारीदार प्लास्टिक बोरा में 39 पैकेट, वहीं घर के बाहर लगे स्वीफ्ट डिजायर कार संख्या ख ल 09 इए 0658 के डिक्की में रखे बैंगनी रंग का रेक्सीन का बैग से



11 पैकेट गांजा बरामद किया गया। वहीं छापामारी के दौरान पुलिस ने गांजा वजन करने में प्रयुक्त दो इलेक्ट्रॉनिक मशीन, गांजा का पैकिंग का टेप प्लास्टिक 800 ग्राम एक मोबाइल फोन, गांजा का अवैध तस्करी में प्रयुक्त स्वीफट डिजायर कार को पुलिस ने जब्त किया। छापामारी छापामारी टीम ने मोहम्मद मेहताब आलम, मोहम्मद मेराज आलम को मौके गिरफ्तार किया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक बेरमो नवल किशोर सिंह, थाना प्रभारी चंद्रपुरा अमन कुमार सिंह, थाना प्रभारी दुगदा मनीष कुमार, ओपी प्रभारी बोकारो झरिया श्रीनिवास कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक मदन कुमार मेहता, माधो टुडू, अजमत हुसैन आदि शामिल थे।

## ग्राहकों की सुरक्षा मेरी जबाबदेही : विनोद साव

**गोमिया :** बीते दिन दीप इंड्रस्ट्रीज के साईट पर कार्यरत पांच चीनी इंजीनियर बिना किसी को बताए होटल से भाग निकलने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया था। हालांकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से होटल के कर्मियों ने उन्हें रोककर कम्पनी के साईट तक पहुंचा दिया था। इस संबंध में गोमिया आइइएल रोड स्थित प्रभात पैलेस के संचालक बिनोद साव ने रविवार को बताया कि मेरे होटल में पांच चीनी इंजीनियर ठहरे हुए हैं और वे आरजी कंपनी चीन के अधीन कार्यरत हैं. वे फिलहाल गोमिया स्थित दीप इंडस्ट्रीज के साइट में कार्यरत हैं. बताया कि वे शुक्रवार को होटल में बिना चेक आउट किए भाग रहे थे, जिसमें सुरक्षा के संबंध में मेरी जवाबदेही तय थी. अगर होटल से बिना बताए भाग रहे थे तो मैं प्रशासन को क्या जवाब देता.

# डीजल चोरी करने आये चोरों ने डंफर चालक व जेनरल मजदूर को पिटा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कतरास :** रविवार की देर रात बीसीसीएल एरिया 4 के वेस्ट मोदीडीह हाजिरी घर के समीप पार्किंग स्थल के सामने डीजल चोरी करने आये डीजल चोरों का विरोध करने पर अपराधियों ने डंफर चालक रामप्यारे भुइंया एवं जनरल मजदुर मो वारिस को बुरी तरह पीट कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद जानकारी मिलने पर वहीं काम कर रहे सहयोगियों ने उसे उठाकर इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल तिलाटांड कतरास ले गया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। इधर मारपीट की घटना के बाद कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर थोडी देर के लिए कार्य का बहिष्कार कर दिया। लेकिन अधिकारी के समझाने के बाद वे लोग पुनः कार्य पर वापस लौट आये।



### तीसरे की तलाश जारी

**कतरास :** बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झगराही में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में बीते दिनों सोलर लाइट चोरी हो गई थी। उक्त सोलर लाइट चोरी मामले में शिकायत आवेदन मिलते ही बरोरा पुलिस रेस हो गई और थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस ने रोहित कुमार और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। इन दोनों आरोपियों को चोरी की गई सोलर लाइट के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस अभी भी तीसरे आरोपी विकास कुमार की तलाश में जुटी हुई है। विकास कुमार फिलहाल फरार है और पुलिस ने उसके खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा और लोगों को सुरक्षा का अहसास होगा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोग पुलिस की सराहना कर रहे है।

# भाकपा माले से संबंधित एक्टू का राज्य स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

## दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन में भाग लेने के लिए मजदूरों से किया अपील

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बेरमो :** भाकपा माले से संबंधित एक्टू का झारखण्ड राज्यस्तरीय मजदूर सम्मेलन सोमवार को बोकारो थर्मल स्थित त्रिजल मैरेज हाल में हुई। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाकपा (माले ) के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहे कि झारखंड विधानसभा के आम चुनाव में भाजपा को परास्त कर राज्य के मजदूर वर्ग ने एक स्तर की लडाई को जीता है, लेकिन अभी भी खतरे कम नहीं हुए है। झारखंड को अडानी खंड बनने से रोकने के लिए सड़को पर भी आंदोलन के जरिए लडाई को और मजबूत करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि देश और झारखंड को



बचाने के लिए ऐक्टू द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मलेन को भी सफल बनाएं। तभी मजदूर अधिकारों को हासिल किया जा सकता है। वही ऐक्टू के प्रदेश महासिचव शुभेंदु सेन ने कहा कि मजदूर आधिकारों को पुनः हासिल करने के सवाल पर ऐक्टू का 11 वां राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में अयोजित है।

सम्मलेन का खुला सत्र तालकटोरा स्टेडियम में होगी जिसमें देश विदेश के मित्र संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होगें। मजदूरों को यूनियन के साथ व्यापक रूप से जोड़े बिना केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी हमलों को रोकना सम्भव नहीं है। ऐक्टू राजनीतिक रूप से भी केन्द्र और राज्य सरकार के मजदूर विरोधी फैसलों पर निर्णायक दबाव बढ़ाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल, जिसमें गीता मंडल, बैजनाथ मिस्त्री, कृष्णा सिंह, महेश सांवरिया, बालेश्वर गोप, ने संयुक्त रूप से किया। संचालन सहयोग ऐक्टू नेता भुवनेश्वर केवट, रविन्द्र भुइयां, बिपिन मंडल ने किया। सम्मेलन को ऐक्टू के मजदूर नेता विकास कुमार सिंह, मनोज कुशवाहा, जे एन सिंह, भुनेश्वर बेदिया, अमल घोष, सुभाष चंद्र मंडल, हरेंद्र सिंह, बालेश्वर यादव, नारायण केवट, अजय रविदास, महादेव मांझी, विजय गिरी, जगरनाथ उरांव, बलदेव वर्मा, भीम साहू आदि ने भी संबोधित करते हुए अपना विचार रखे।

# बाघमारा की देव तुल्य जनता की परेशानी का हल नहीं करते है अधिकारी

## आज से ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले फिर होगी रैयत का धरना




**कतरास :** अंचल कार्यालय बाघमारा में लूट और भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है विशेष कर जमीन संबंधित मामलों में जमकर पैसे का खेल होता है फरियादी रैयत अपने जमीन संबंधित मामलों को लेकर अंचल कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं । ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने बताया कि अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी शिकायत का निवारण हल्का कर्मचारी/अधिकारी द्वारा सामान्यत नहीं किया जाता । ब्रोकर के माध्यम से रिश्वत देने के बाद ही रैयत का काम होता है । कुछ माह से रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, अरबिन्द सिन्हा, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम सिंह, लक्ष्मी देवी आदि कई रैयत अपने जमीन संबंधी शिकायत को लेकर परेशान है, बाध्य होकर सभी रैयत ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले 10 दिसंबर से अंचल कार्यालय बाघमारा में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे।

## गोमिया, पेटरवार व कसमार प्रखंड मुखिया संघ ने किया मंत्री योगेंद्र महतो का स्वागत

**कसमार :** राज्य के पेयजल एवं स्वछता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो को बोकारो जिला के गोमिया पेटरवार व कसमार प्रखंड मुखिया संघ ने रविवार को मुरूबंदा आवास पहुंचकर स्वागत किया। गोमिया प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष तेजलाल महतो के नेतृत्व में कसमार, पेटरवार व गोमिया प्रखंड के मुखियाओं के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं एवं बधाइयां भी दी। इस दौरान मुखियाओं ने राज्य सरकार से राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायतों को आवंटित करने संबंधी अन्य मांगे भी मंत्री के समक्ष रखा। मौके पर कसमार प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष हारु रजवार, सोनपुरा मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम, मंजूरा मुखिया प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो, बडकीपुनू मुखिया भानु कुमारी मोदी, पूर्व मुखिया संजय साहू, टिकाहरा विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

# स्ट्रीट लाइट की व्यस्था होगी दुरुस्त : अपर नगर आयुक्त

**चास :** अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के द्वारा नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मी के बीच आज शहर की बिजली व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई ।साथ ही बिजली व्यस्था दुरुस्त करने तथा शहर के स्ट्रीट लाइट को ठीक करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके लिए खराब पड़े बंद लाइटों की सूची उनकी मरम्मती तथा बेकार पड़े लाइटों के जगह नए लाइट लगाने का भी निर्देश दिया गया। स्ट्रीट लाइट से संबंधित एजेंसी को उसके रख - रखाव को दुरुस्त करने तथा तकनीति समस्या को अविलंब दूर करने का निर्देश जारी किया। साथ ही शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु निरंतर अभियान चलाने हेतु निर्देश जारी किए गए ।इस



संबंध में उन्होंने यह कहा कि शहर वासियों को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी प्राथमिकता ही नहीं बल्कि हमारी जवाबदेही भी है और इसे निरंतर चलाना होगा। साथ ही शहर वासियों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त कराने हेतु वह उनका सहयोग करें। बैठक में सहायक नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी जयपाल सिंह मुंडा, स्ट्रीट लाइट से जुड़े संबंधित अधिकारी नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक तथा सभी कर्मी मौजूद थे।

## छः वर्ष के मासुम बच्चे की कुल्हाड़ी की धार से अज्ञात हत्यारे ने की हत्या

**बेरमो :** बेरमो अनुमंडल अंतरगर्त पेंक-नारायणपुर थाना स्थित बरई पंचायत के हरलाडीह निवासी विनोद महतो के 06 वर्षिय पुत्र देवदास कुमार को आज्ञात हत्यारे ने कुल्हाड़ी की धार से मौत का घाट उतार दिया । घटना रविवार की शाम का है । मृतक की मां रूकमणी देवी ने बतायी कि मैं अपने पुत्र के साथ अपनी नेयहर कोठी (मुंगोरंगामाटी) आयी थी कौन दुश्मनवें बेटा केइ माइर देइयलो गे मेइया । भाकपा नेता नुनूचंद महतो ने बताया कि घटना निदंनीय है ,हत्यारे के प्रति जितना भी निंदी की जाय कम ही पड़ेगा । बच्चा भगवान का रूप होता है और ऐसे मासुम बच्चें पर हत्या करना घोरनिदंनीय है । घटना की सुचना मिलते है स्थानिय थाना प्रभारी अनिल लिंडा दलबल के साथ घटना स्थल पहुँचकर शव को अपने कब्जे लिया पोस्टमार्डम के लिए टेनूघाट भेंज दिया है।

## कसमार में किशोरियों के बीच फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

# लड़कियों के नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए खेल जरूरी : नियोती

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कसमार :** कसमार प्रखंड कार्यालय स्थित खेल मैदान में सहयोगिनी संस्था की ओर से 16 दिवसीय अभियान के तहत आज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कसमार प्रखंड की सात पंचायत की किशोरी फुटबॉल टीमों के बीच टूनार्मेंट आयोजित की गयी। इस दौरान पोंडा, गर्री , दुगार्पुर, खैराचतर, टांगटोना, बगदा एवं सोनपुरा की फुटबॉल टीमों के बीच प्रतियोगिता आयोजन भी हुआ।

इस अवसर पर टूनार्मेंट में बतौर अतिथि कसमार प्रमुख नियति दे, थाना प्रभारी भजन लाल महतो,मुखिया हारु रजवार, परिपोषा कुमारी, गीता देवी,संस्था



की सचिव कल्याणी सागर, निदेशक गौतम सागर, कुमारी किरण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित किशोरियों व अन्य लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि नियोती देवी ने कहा कि अब फुटबॉल खेल सहित हर खेल में लड़कियां सफलता हासिल कर रही है।

अब लड़कियां जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रही है। कसमार थाना प्रभारी भजनलान महतो ने कहा कि किशोरियों के बीच फुटबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत सहयोगिनी संस्था की बेहतरीन पहल है। इससे बालिकाओं के बीच खेल प्रतिभा में निखार आएगी। मुखिया हारु रजवार ने कहा कि हर क्षेत्र में लड़कियां खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपना एवं क्षेत्र का नाम रौशन करेंगी। कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि कैरियर के रूप में देखने एवं नजरिया बदलने की जरूरत है।

संस्था सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि समाज और परिवार में बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए। टूनार्मेंट का फाइनल मैच पोंडा और बगदा की टीम के बीच हुआ, जिसमें बगदा ने पोंडा की टीम को 1 गोल से पराजित किया। वहीं प्रतियोगिता में तृतीय स्थान दुगार्पुर की टीम ने प्राप्त की।

इस दौरान म्यूजिक चेयर तथा घड़ा फोड़ प्रतियोगिता कभी आयोजन किया गया। टूनार्मेंट के समापन के बाद खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल व अन्य उपहार देकर संस्था ने सम्मानित किया। मौके पर सहयोगिनी , रवी कुमार, अनिल हेंब्रम, अनीता देवी, रिया हालदार,रेखा देवी, बिनीता देवी, संगीता देवी, विकास कुमार, सूर्यमुनि देवी, मंजू देवी, प्रतिमा देवी, सोनी कुमारी, हबीब नाज, प्रीतम सागर , रमन चतुवेर्दी, व अन्य किशोरियां समेत महिलाएं उपस्थित थे।

# स.शि.वि.मंदिर बाघमारा में मेगा अपार आईडी के निमित्त अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बाघमारा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में सोमवार को मेगा अपार दिवस के निमित्त अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा ने अपार आईडी के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए अभिभावकों को बताया कि अपार आईडी का अर्थ है 'ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री' । अपार आईडी में छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। अपार आईडी एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) और डिजीलॉकर से जुड़ा हुआ होगा, जहाँ छात्र अपने आवश्यक दस्तावेजों जैसे परीक्षा परिणाम एवं शैक्षणिक दस्तावेजों को सुरक्षित



रख सकते हैं।

विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पांडेय ने कहा कि अपार आईडी के निमित्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावक आईडी बनाने के लिए विद्यालय के कार्य में सहयोग करें। कार्यक्रम का संचालन संध्या सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य राजेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

# उपायुक्त ने गुमला प्रखंड के चंदाली ग्राम के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनके समस्याओं को जाना

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गुमला :** गुमला प्रखंड के असनी पंचायत स्थित चंदाली ग्राम का आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के उद्देश्य से ग्रामीणों से मुलाकात किया गया। और ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उपायुक्त से मुलाकात करते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, सरना स्थल बनवाने, घर, नहर से सिचाई कराने हेतु सुविधा, स्कूल में बच्चों के खेलने हेतु मैदान, तलाब एवं कुआं की मरम्मती, अखाड़ा की मरम्मती, धुमकुड़ीया भवन बनाने, बिजली, पानी, शिक्षा और जल मीनारों के मरम्मत एवं अन्य समस्या को लेकर आवेदन भी सौंपे। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए। और विभिन्न पेंशन योजनाओं, वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं से छुटे हुए व्यक्ति को लाभ दिलाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों के महिला मंडल को विशेष रूप से लाभ लेने तथा कार्य कर अपने पर निर्भर होने को कहा। जिससे महिला अपने घर चला सके। तथा ग्रामीणों के बच्चों के पॉलटेक्निक कॉलेज जैसे मे नामांकन हेतु अच्छे तैयारी करने को कहा गया। ग्रामीणों में विश्वास और आशा का संचार किया है। प्रशासन और समुदाय के बीच सीधा संवाद स्थापित होने से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि ग्राम के विकास में सबसे अधिक ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता होती है, उन्होंने कहा कि चंदाली ग्राम कलेक्टर ऑफिस के सबसे नजदीक में हैं, यह के ग्रामीणों के सहयोग के ग्राम विकास के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है, किसी भी समस्या के लिए आप तुरंत समाहरणालय भी आ सकते हैं।

# समाज और देश के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है : डीडीसी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**लोहरदगा :** महिला और बाल विकास विभाग के पोषण 2.0 के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका शामिल हुए। आईपीईएल की विशेषज्ञ टीम के जरिये जिला परिषद कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की आधारशिला रखी जाती है। गर्भवती महिला के नियमित जांच एवं पोषण, पोषाहार के जरिये स्वस्थ शिशु का ध्यान रखा जाता है। जन्म के बाद बच्चों को पोषाहार, कुपोषण की जांच, पोषणयुक्त आहार के जरिये स्वस्थ्य शिशु की पौध तैयार की जाती है। इसके साथ-साथ विद्यालय जाने से पहले आंगनवाड़ी केंद्र में ही बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता का पाठ पढ़ाया जाता जाता है। उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका का कार्य देश के भविष्य को गढ़ने में बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाना चाहिए। इसी प्रकार पीवीटीजी जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी उनकी संस्कृति और उनके तौर-तरीकों के साथ समन्वय बनाते हुए पढ़ाया जाना चाहिए।

## कॉमरेड भीमलाल महतो की स्मृति सभा का हुआ आयोजन

**चास :** चन्दनकियारी प्रखंड के आमडीहा प्राथमिक विद्यालय परिसर में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बोकारो जिला कमिटी के चन्दनकियारी ोकल कमिटी के सदस्य कॉमरेड भीमलाल महतो का आयोजन किया गया। स्मृति सभा का अध्यक्षता एसयूसीआई (सी) चंदनकियारी लोकल कमिटी के सचिव डॉ गोपाल महतो ने किया व संचालन डॉ निमाई गोराई ने किया स्मृति सभा में सर्वप्रथम कामरेड की स्मृति में एक मिनट का मन धारण किया गया उसके बाद उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। सभा में उपस्थित ग्रामीणों तथा उपस्थित साथियों ने बड़ी बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर कॉमरेड भीमलाल महतो के पुत्र ज्ञानेंद्र महतो, पत्नी गीता देवी, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के नेता कॉमरेड रामलाल महतो, डॉ. गोपाल प्रसाद महतो, धरम महतो, सुधीर गोप, कमल प्रसाद महतो, राजू रजवार, खगेन हंसदा, आनंद महतो, कालीपद महतो आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ ने की कर्मियों के साथ बैठक ममता वाहन को लेकर हुई चर्चा

**भरनो :** प्रखंड कार्यालय भरनो के बीडीओ कक्ष में बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक किया गया।जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में ममता वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाने पर चर्चा किया गया।जहां बैठक में बीडीओ ने भरनो प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में सीएचसी भरनो के लिए ममता वाहन का रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिया,इसके लिए उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनियों,राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों एवं अन्य समाजसेवियों का भी सहयोग लेने की बात कही। वहीं सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा

प्रभारी डॉक्टर जाहिद अख्तर ने बताया कि ममता वाहन का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए वाहन मालिकों का वाहन का सभी कागजात सही रहना चाहिए, तभी ममता वाहन के लिए रजिस्ट्रेशन होगा। उन्होंने इच्छुक वाहन मालिकों से सीएचसी भरनो से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। इस मौके पर डॉ जाहिद अख्तर, बीपीएम रविंद्र कुमार, फहीम अख्तर, हरिशंकर शाही सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# जलवायु परिवर्तन व बाल अधिकार मुद्दे पर नृत्य व नाट्य कार्यशाला सम्पन्न

**गुमला :** सोमवार को सिनी संस्था द्वारा आयोजित चार दिवसीय जलवायु परिवर्तन व बाल अधिकार मुद्दे पर नृत्य व नाट्य कार्यशाला का समापन होटल सभेकर में किया गया। इस नृत्य व नाट्य कार्यशाला में रायडीह प्रखंड के पांच पंचायत कुडोछतरपुर, उपरखटंगा, कांसीर, जरजट्टा व सुरसांग के 25 बच्चों ने भाग लिया व जलवायु परिवर्तन व बाल अधिकार के मुद्दे पर समुदाय के लोगों को जागरूक करने के लिए नृत्य व नाटक सिखा। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक हिमांशु कुमार व शिवांश चौबें ने बच्चों को चार दिनों में जलवायु परिवर्तन व बाल अधिकारों के मुद्दे पर नृत्य व नाटक सिखाया साथ ही नुक्कड़ नाटक के लिए स्क्रिप्ट तैयार करने, स्लोगन तैयार करने, प्रापर्टी बनाने, ड्रेस तैयार करने, नुक्कड़ नाटक अभ्यास करने व लोगों व समुदाय के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने का गुर सिखाया। साथ ही समापन के दौरान कार्यशाला में भाग लिए बच्चों को प्रमाण पत्र व मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया मौके पर जितेन्द्र कुमार सतपति, बैजन्ती देवी, सत्यभामा दास, संतोषी तिर्की, खुर्शीद आलम, अंकिता मिंज, खुशी कुमारी, किशोरी लकड़ा, अरुण कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।



# सोनिया गांधी की जन्मदिन लोगों के बीच में मिठाई और जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल बाट कर मनाया गया

**बोकारो :** सोमवार को युवा कांग्रेस बोकारो के द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, CPP चेयरपर्सन सोनिया गांधी की जन्मदिन पर 'उत्कृष्ट सेवा दिवस' के तहत चास में केक काट कर लोगो के बिच में मिठाई और जरुरतमंद लोगो के बिच कंबल बाटा गया मौके में उपस्थित युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सौरव शर्मा ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, और समावेशी विकास की चैंपियन, उनके दृष्टिकोण ने लाखों वंचित लोगों के उत्थान और भारत के कल्याणकारी राज्य को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




बोकारो विधानसभा अध्यक्ष अक्षय पाण्डेय ने कहा सोनिया गाँधी एक महान महिला है जो अपने पति की हत्या के बाद, जब उनको कांग्रेस नेताओं ने पार्टी का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। पार्टी की ओर से बहुत अनुरोध करने के बाद वह 1997 में राजनीति में शामिल होने के लिए सहमत हुईं; अगले वर्ष, उन्हें पार्टी अध्यक्ष के लिए नामित किया गया । उनके नेतृत्व में, कांग्रेस ने 2004 और 2009 में प्रचंड जीत हासिल किया अन्य केंद्र-वाम राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई । गांधी को तब से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है, मौके में उपस्थित उपाध्यक्ष- सौरभ शर्मा, महासचिव मिलन

# जाने-माने शिक्षाविद् कौशलेंद्र झा नहीं रहे, लोगों ने किया शोक व्यक्त

**भरनो :** भरनो लेकोटोली निवासी प्लस टू हाई स्कूल भरनो के सेवानिवृत शिक्षक सह झारखंड राज्य पेंशनर समाज के भरनो प्रखंड के सचिव रहे कौशलेंद्र झा(92)की सोमवार की सुबह निधन हो गयी। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज रांची के रिम्स स्थित ट्रामा सेंटर में चल रहा था। इस क्रम में ही सोमवार की सुबह लगभग 8:00 बजे रिम्स में उन्होंने अंतिम सांस ली। इधर सेवानिवृत्त शिक्षक कौशलेंद्र झा की निधन की सूचना मिलने पर भरनो वासियों में शोक की लहर है, भरनो के प्रबुद्धजनों, उनके छात्र छात्राओं और पेंशनर समाज के लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, सचिदानंद शर्मा, चंद्रमोहन महतो, अनिल शर्मा, शेखर चंद्र अधिकारी, परमानंद भीमकुल, अमर नाथ सिंह, हरि शंकर शाही, अशोक कुमार केशरी, संतोष ठाकुर, शिव कुमार केशरी, अरुण साहू, नटवर अग्रवाल,विनय कुमार केशरी, नीलम गुप्ता, मनोहर लाल केशरी,दिलीप केशरी, शम्भू केशरी, मुरारी केशरी, जयनंदन गोप, चामू साहू, सरोज केशरी, कौशलेश मिश्रा, श्रीकांत केशरी, भगवती केशरी, राजू केशरी, बजरंग लाल गुप्ता सहित कई लोग शामिल हैं।उनका अंतिम संस्कार भरनो के कमलपुर स्थित मुक्ति धाम में विधिवत किया गया।



# घाघरा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**घाघरा :** पुलिस अधीक्षक गुमला के निदेर्शानुसार घाघरा थाना के मुख्य गेट के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 50 से 60 दो चक्के वाहन को पकड़ा गया। वाहन जांच में वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस की जांच की गई। वाहन से सम्बन्धित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं होने पर कई मोटरसाइकिल चालक से जुमार्ना के तौर पर चालान बनाकर गुमला जिला परिवहन विभाग को भेज दिया गया । वाहन चालक जुमार्ना भरकर अपनी गाड़ी छुड़वा सकते हैं ।साथ ही लोगों से अपील कि गई कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। आए दिन सड़क दुर्घटना होने पर कई लोगों की जान बिना हेलमेट के कारण चली जा रही है। जिसे लेकर यह प्रयास और कार्रवाई की जा रही है। ताकि लोग सुरक्षित रहे।

# प्री बोर्ड परीक्षा 2025 के सफल आयोजन के लिए शिक्षा कर भेंट गतिविधि के अंतर्गत विद्यालयों का निरीक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 के पूर्वाभ्यास के तहत प्री बोर्ड परीक्षा जिले के सभी विद्यालयों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है।

शिक्षा कर भेंट गतिविधि के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षिक अधिकारियों ने विद्यालयों का दौरा किया और परीक्षा प्रक्रिया का निरीक्षण किया। आज चैनपुर अनुमंडल की अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत, रायडीह की प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला प्रसार पदाधिकारी सिसई, बीटीएम भरनो, तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी जैसे बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी ने विभिन्न विद्यालयों का अनुश्रवण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही, जैक पैटर्न पर तैयार प्रश्नपत्रों की गुणवत्ता, परीक्षा केंद्रों पर सुविधाओं एवं अनुशासन पर भी ध्यान दिया गया। यह प्रयास जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा सुनिश्चित किया गया है ताकि छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी का अवसर मिले।

इस गतिविधि के माध्यम से प्री बोर्ड परीक्षा की सफलता में सभी संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। प्री बोर्ड परीक्षा में जिले के 83% छात्रों ने भाग लिया है, जो शैक्षिक अनुशासन और छात्रों की गंभीरता को दशार्ता है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इस प्रयास को छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।



# सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी ने किस्को में चलाया स्वच्छता अभियान

**लोहरदगा :** 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किस्को प्रखण्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी गुमला सिलम के कमांडेड राजेश सिंह के दिशा निर्देशन में सशस्त्र सीमा बल किस्को के प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे के नेतृत्व मे विभिन्न सामुदायिक स्थलों पर स्थानीय जनता के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें किस्को प्रखण्ड परिसर व चौक चौराहे में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अपने घरों, दुकानों के आलावे चौक-चौराहा को साफ -सफाई रखने का अपील की गई। सफाई अभियान सशस्त्र सीमा बल के अलावे किस्को प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी उदय कुमार महतो, अंचल नाजिर रोशन कुमार, ब्लॉक व अंचल के कर्मचारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।



# हेरहंज में बाइक सवार युवक की हाइवा के धक्के से मौत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हेरहंज थाना क्षेत्र के हुम्बू ग्राम के पास सोमवार को हाईवा के धक्के से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नीरज कुमार 20 वर्ष पिता हेमराज राम ग्राम हाटाटोंगरी हुम्बू निवासी अपने छोटे भाई को मोटरसाइकिल से स्कूल पहुंचा कर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित हाईवा ने पीछे से उसे टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे युवक बाइक सहित पेड़ से जा टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ को हुम्बू ग्राम के समीप सड़क जाम कर दिया ।और परिजनों के लिए मुआवजा की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था। जिसे पुलिस समझा बुझाकर हटाने का प्रयास कर रही थी । बता दे कि युवक इंटर में कक्षा में पढ़ाई करता था।



# ऑटो चालक संघ ने धांधली के विरुद्ध उठायी आवाज, डीसी को सौंपा ज्ञापन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता में एवं संघ के संयोजक सह झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑटो चालकों एवं छोटे वाहनों के चालकों के साथ आहूत बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय अनुसार उपायुक्त पलामू को एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मेदिनीनगर शहर में यातायात सुदृढ़ न होने तथा ऑटो चालकों, ई रिक्शा वाहन चालकों के साथ आए दिन बढ़ते दुर्व्यवहार एवं शोषण आदि मामले पर विगत दिनांक 4 सितंबर 2024 को नगर आयुक्त मेदिनीनगर की अध्यक्षता में एवं संबंधित प्रशासन तथा महासंघ के पदाधिकारी के साथ प्रशासन द्वारा बुलाए गए बैठक में लिए गए सामूहिक निर्णयों को आज तक धरातल पर उतरा नहीं गया। जिस कारण चालकों के शोषण एवं प्रताड़न का बढ़ावा प्रतीत तो होता है जबकि शहर के बीचो-बीच बस स्टैंड कई वर्षों से स्थापित होने शहर की बढ़ती जनसंख्या के कारण आए दिन शहर की मुख्य सड़कें अत्यधिक जाम रहती है। जिस कारण ऑटो चालक, ई रिक्शा चालक, एवं अन्य छोटे वाहन चालक श्रमिक प्रशासनिक कोप का भाजन निरंतर बना रहे हैं। नगर निगम के द्वारा प्रतिदिन लिए जा रहे नगर निगम शुल्क के नाम पर अवैध तरीके से एक वहां से दिन में मेदिनीनगर शहर में तीन से चार बार टैक्स वसूला जाता है जबकि प्रशासनिक पहल पर निर्णय हुआ था कि एक वाहन प्रतिदिन मात्र एक बार ही नगर निगम शुल्क का रसीद कटाएंगे। परंतु चालकों के साथ अवैध तरीके से गाली गलौज मारपीट यहां तक की जान से मारने की धमकी देकर अवैध वसूली की जाती है। मनमानी जारी रखा गया है जो जांच का विषय है। वाहन चालक प्रताड़ित एवं शोषण का शिकार बने हुए हैं। दूसरी ओर रेलवे स्टेशन से चलने वाले कुछ ऑटो चालक प्रशासनिक मिली भगत से सारे रूट में जाने एवं सवारी उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। परंतु अन्य जगहों से ऑटो एवं छोटे वाहन चलाने वाले चालक श्रमिकों को रेलवे स्टेशन से सवारी उठाने नहीं दिया जाता है। तथा रंगदारी भेदभाव प्रताड़ित किया जाता है। इस तरह का भेदभाव महासंघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रतिनिधिमंडल में संतोष शुक्ला, विवेक कुमार सिंह, अनुज मिश्रा, प्रेम तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, मनोज दुबे,छोटन दुबे, पंकज कुमार,राजू कुमार, यासीन अंसारी उर्फ गोल्डन तथा अन्य सदस्य शामिल थे।



# बिजली की शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, नगद समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक

## पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो - सालमदिरी गांव का मामला

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो (सालमदीरी) गांव में बीती रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गया। इस घटना में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए नगद समेत 4 से 5 लख रुपए का संपत्ति जलकर खाक हो गया। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गए और सड़क पर आ गए हैं। घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। घर से सटा पुआल भी आग की चपेट में आ गया, जिससे आग ने तेजी से पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गई। इसके अलावा घर में रखे तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। जमीन का सारा दस्तावेज भी आग से जल गया है। पीड़ित कन्हाई भुइयां के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनमें से एक बच्ची बिहार के डीहरी धान कटनी के लिए गई हुई थी। बाकी तीन नाबालिग बच्चे घर पर ही मौजूद थे। पीड़ित परिवार कन्हाई भुइयां के पत्नी का दिमागी हालत ठीक नहीं होने से वह घर में नहीं रहती है। घटना की रात कन्हाई भुइयां अपने तीन बच्चों के साथ सोए हुए थे। इस बीच करीब रात 11:00 बजे बिजली का शॉर्ट सर्किट होने से घर में आग लगी। घर में आग लगने के बाद भुक्तभोगी परिवार कन्हाई भुइयां अपने तीन बच्चों के साथ बाहर निकल कर शोर मचाया। लोगों को पहुंचने तक घर के पास रखे पुआल आग के चपेट में ले लिया। जिससे आग बिकराल रूप ले लिया। जिसे घर पूरी तरह से जल गया। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग आग पर काबू नहीं पा सके। बताया जाता है कन्हाई भुइयां की बेटी की शादी करनी है, इसके लिए वह पैसा जुगाड़ कर घर में रखा था। अगलगी के घटना के बाद उनका जीवनयापन पर गंभीर संकट छा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार ने मदद के लिए पांकी थाना में शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार कन्हाई भुइयां लोन लिया हुआ है। घटना के बाद उसके बेटी के शादी कैसे होगा और लोन की भरपाई कैसे होगा, यह चिंता की बात है। ठंड के दिनों में घर में आग लगने के बाद पीड़ित परिवार कहां रात गुजारेंगे, यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अभी मैं रांची हूं। रांची से लौटने के साथ ही पीड़ित परिवार से मिलेंगे और हर संभव सहायता करने का प्रयास करेंगे।



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़क पर उतरे हिंदू संगठन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**छतरपुर, पलामू :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सोमवार को छतरपुर में हिंदू संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। सामाजिक संगठनों के साथ बंजरग दल विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्यों ने शहर में आक्रोश मार्च निकाला और अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार व राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा। सौंपे गये ज्ञापन में बांग्लादेशी हिंदुओं को उत्पीड़न से मुक्त कराने समेत अन्य कई मांगें शामिल हैं। आक्रोश मार्च में शामिल सैकड़ों लोगों के द्वारा हाथों में झंडे और बांग्लादेश मुदार्बाद, हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, जागो सरकार जागो जैसे नारे लिखी तख्तियां के साथ पूरे शहर में भ्रमण किया गया और फिर अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर यह यात्रा सभा में तब्दील हो गई। इसके बाद विहिप के अधिकारियों द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंप केंद्रीय सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में हिंदू व अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार को रोक लगाई जाए, ताकि हिंदू समुदाय आम आदमी की तरह जीवन यापन कर सकें। बांग्लादेश में हिंदुओं का अत्याचार बढ़ता जा रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। साथ ही बांग्लादेशी सेना भी कट्टरपंथियों के साथ मिलकर अल्पसंख्यक पर अत्याचार कर रही है, बंजरग दल के संयोजक मोनु गुप्ता बोलें बांग्लादेश में हिंदू बहन बेटियों के साथ रेप और अत्याचार से संपूर्ण विश्व के हिंदुओं में आक्रोश है। विहिप अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा- जिहादियों अपनी मयार्दा में रहो वरना ईंट से ईंट बजाना भारत जानता है।वरिष्ठ समाजसेवी डॉ रामरेश यादव ने कहा कि बांग्लादेश सरकार पर हिंदू भिक्षुओं को तत्काल प्रभाव से रिहा करने का दबाव डाला जाए। देश में जहां-जहां भी हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है उसे रोका जाए भारत के अंदर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की,वहीं कुंदन पाठक ने कहा हिन्दुत्व पर अत्याचार मानवता पर अत्याचार है क्योंकि हिन्दू सनातन समाज विश्व का कल्याण चाहते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पप्पू सिंह, मोनु गुप्ता, राजा यादव ,अवधेश यादव ,मनोज गुप्ता सुधीर सिन्हा, डॉ रामरेश यादव, सुधांशु शेखर ,पप्पू उरांव ,राहुल राय, मुकेश जी,अजय गुप्ता ,बिट्टू जॉन, बबलू जी मिहिर सिंह ,सोनू सिंह ,उमेश जायसवाल और सैकड़ो कार्यकर्ता माताएं बहनें मौजूद थे।



# मिक्सड मार्शल आर्ट्स ने किया कलाकारों को सम्मानित




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मार्शल- आर्ट्स के महागुरू ब्रुसली के 84 वाँ जन्मदिन के अवसर पर द मिक्सड मार्शल- आर्ट्स काउंसिल (युके)के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल- आर्ट्स ब्रुसली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय कजरी के प्रागंण में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव उपस्थित थे। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से नवाजा गया।अवार्ड पाने वाले लोग इस प्रकार हैः-रंजन प्रसाद (स्केटिंग) ,अशुतोष कुमार (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन), सकेन्दर प्रजापति (कराटे), नटवर पाण्डेय, प्रितम चौधरी (ताईकान्डो), अनुपम तिवारी (बॉसिंग), श्याम किशोर पाण्डेय (संगीत) ,सनतन सोनी (नृत्य) इत्यादि ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस समय पर प्रशिक्षकों को मान-सम्मान मिलते रहनी चाहिए क्योंकि प्रशिक्षक है जो बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उचाँई तक पहुँचा सकते है, इसलिए बच्चों को प्रशिक्षको का हमेशा आदर करना चाहिए।यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सौकड़ो कराटेकार उपस्थित थे।

# पलामू के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर 14 को

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 14 दिसंबर को जिले के सभी प्रखंड में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। वही ब्यवहार न्यायालय परिसर में इस बर्ष का अंतिम राषटीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको सफल बनाने को ले तैयारी चल रहा है।राषटीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निपटाने का प्रयास है।उक्त आशय कि जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सुलभ, सरल तरीके से न्याय कैसे मिले इसके लिए इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आवास योजना ,पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी । उन्होंने बताया कि जिले की सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर में एक पैनल अधिवक्ता, पीएलभीके अलावा प्रखंड प्रशासन के लोग हिस्सा लेंगे ।सभी प्रखंडों में इसके लिए सूचित कर दिया गया है।



## मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की बैठक

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर सामुदायिक भवन में इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जटाधारी प्रजापति ने की। बैठक में नये सदस्यों को रजिस्ट्रेशन कार्ड दिया गया तथा संगठन के मुल्यों एवं सिद्धांतों से अवगत कराया गया। प्रखंड कमेटी गठन के उपरांत जिला महासचिव विनय कुमार सिंह, अध्यक्ष अनिल गुप्ता, सचिव विनोद प्रजापति ने अपने अपने विचार रखें। शंकर चंद्र वंशी एवं महिला मोर्चा से किरण गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। सचिव अब्दुल हकीम,राजेश सिंह, मीरा देवी, एवं ममता देवी, उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह बने।

## एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना पुलिस ने सोमवार को एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के तहत दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच किया ।वाहन चेकिंग अभियान बालूमाथ थाना क्षेत्र के पांकी मोड,थाना चौक,शहीद चौक झारखंड ढाबा समेत कई स्थानों पर लगाया गया था ।जिसमें विभिन्न वाहन चालकों को अपने साथ ले जा रहे हैं बैग एवं डिक्की का जांच किया गया ।इस सबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।जिसमे गाडी के डिक्की के अलावा दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग लोगो से हेलमेट लगाकर चलाने की बात कही ।वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया बाइक चलाने वाले इधर-उधर अपने रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में बालूमाथ थाना के और निरीक्षक अशोक कुमार,मो० शमीम समेत शस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# डीआइजी ने किया टंडवा का दौरा, की समीक्षा बैठक



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**टंडवा :** सोमवार को हजारीबाग के डीआइजी सुनील भास्कर ने औद्योगिक नगरी टंडवा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वीडीयो कांफ्रेंसिंग के जरिए चतरा जिले के हर थाना में अपराधिक और उग्रवादी कांडों की समीक्षा किया। लगभग तीन घंटे तक डीआइजी जिले के हर थानेदार और इंस्पेक्टर से बड़ी घटनाओं से संबंधित जानकारी ली और लम्बित कांडों का निष्पादन करने और संबंधित गुनाहगारों को गिरफ्तार करने का दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीआइजी ने टंडवा के पिपरवार और सिमरिया रोड में चेकनाका लगाने का निर्देश इंस्पेक्टर अनिल उरांव को दिया। इस मौके पर एसपी विकास पांडे, डीएसपी प्रभात रंजन बरवार, इंस्पेक्टर अनिल उरांव तथा पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार उपस्थित थे।

## पुलिस की वाहन जांच


**मेदिनीनगर :** सादिक चौक पुल के पास सघन जॉच अभियान चलाया गया। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन गाड़ीयो का जिसमें दो पहिया वाहन गाड़ीयो के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे तो उनके वाहन को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षाथ रखा गया है। सभी 22 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन गाड़ियों को चालान फाइन हेतु व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है।

# केएन त्रिपाठी ने अबुआ आवास योजना में बीएफटी द्वारा रिश्वत लेने का मामला संज्ञान में लिया

## मंत्री दीपिका पांडे सिंह को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के बलहिया निवासी रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने अबुआ आवास के प्रथम किस्त में ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत बीएफटी संजय रवि पर 10 हजार रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाई थीं साथ ही दूसरे किस्त में उच्च अधिकारी के नाम पर पुनः 10 हजार का मांग कर रहा था।जिसका मामला दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई थीं जिसको संज्ञान में लेते हुए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने राज्य के ग्रामीण विकास सह पंचायती राज के मंत्री दीपिका पांडे सिंह को पत्र लिखकर आग्रह किया हैं कि उप विकास आयुक्त ने रिश्वतखोरी पर मामला दर्ज. कराने का आदेश देकर पुनः चैनपुर थाने से प्रखंड समन्वयक बीरबल कुमार को मामला दर्ज कराने से रोका जिसपर दैनिक अखबार में पुनः दुबारा प्रकाशित हुई जिसे उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए रिश्वतखोरी पर प्राथमिकी दर्ज कराया। इस संदर्भ में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि चलाई हुईं महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी अधिकारियों के कंधे पर हैं लेकिन अधिकारी रिश्वतखोरी पर प्राथमिकी दर्ज कराने के वजाय बचाने में लगें थें।



# आजाद नगर में एक महीने से खराब है ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रहने को मजबूर लोग

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**टंडवा:** प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत के आजादनगर मुहल्ले के लोग पिछले एक महीने से ढिबरी और लालटेन की रौशनी में रात काट रहे हैं। दरअसल गांव में लगा पच्चीस केवी का ट्रांसफार्मर अधिक लोड के कारण जल गया जिसके बाद ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर विभागीय अधिकारियों तक को सुचित किया लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर को नहीं बदलवाया गया है। गांव की आबादी सत्तर घरों की है। ट्रांसफार्मर के जलने से गांव के लोग ढिबरी और लालटेन के सहारे रात गुजार रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के जलने से बच्चों की पढ़ाई से लेकर इस ठंड में अन्य परेशानियां बढ़ गई है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता गजेन्द्र साहु ने पहल करते हुए बिजली विभाग एवं सांसद विधायक को ज्ञापन सौंपकर गांव में अविलंब ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। वहीं मामले में जेई प्रभात कुमार से बात करने पर उन्होंने जल्द समाधान का भरोसा दिया है।



